Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 187 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

धर्म प्राप्ति के लिए हमें धर्म के पास आना होगा, तब ही हम धर्म को समझ सकते हैं।

To attain religion we will have to be in close proximity of religion then alone we can understand what religion is.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

प्रधानमंत्री मोदी ने जशपुर जिले के कुटमा ग्राम पंचायत के सलखाडांड की पहाड़ी कोरवा महिला से किया संवाद

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री जी, हम लोग पहाड़ी कोरवा हैं। पहाड़ में रहते हैं। एक दो किलोमीटर चलकर ढ़ोढी-कुआं जाते थे और यहां का गंदा पानी पीने विवश थे। इससे अक्सर उल्टी-दस्त हो जाती थी। अब स्वच्छ पानी मिल रहा है। घर भी बन गया और बिजली भी लग गई। यह बात जशपुर जिले से जनमन संगी और विशेष पिछड़ी पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिला श्रीमती मनकुंवारी बाई ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाद में कही।

अपना परिचय देते हुए श्रीमती मनकुंवारी ने कहा कि मैं जशपुर जिले के ग्राम पंचायत कुटमा के गांव सलखाडांड से हूँ। मेरे परिवार में पांच सदस्य रहते हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें पूछा कि आपको किन योजनाओं का लाभ मिला। मनकुंवारी ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर मिला, बिजली भी लग गई। नलजल आ गया, गैस आ गया। प्रधानमंत्री ने पूछा कि इन योजनाओं से आपके जीवन में किस तरह का बदलाव आया। मनकुंवारी ने बताया कि पहले चूल्हा उपयोग करते थे। लकड़ी के लिए जंगल जाना पड़ता था। फिर चूल्हे में देर तक समय लगता था। समय लगने की वजह से बच्चे खाने के लिए रोते रहते थे।

कौन से व्यंजन बनाती हैं गैस आने के बाद- प्रधानमंत्री ने पूछा कि अब गैस आ गया है तो नई-नई चीजें भी बनाती होंगी। क्या आपने खाने की कुछ नई चीजें सीखी हैं। प्रधानमंत्री ने स्नेहिल मुस्कान के साथ पूछा कि आप बताओ, हम खाने नहीं आयेंगे। मनकुंवारी ने कहा कि धुस्का बना लेती हूँ भजिया बना लेती हूँ।

दोना-पत्तल बनाने का काम करते हैं- प्रधानमंत्री ने पूछा कि आपका स्वयं सहायता समूह किस तरह का काम करता है। क्या इसे किस तरह का प्रशिक्षण मिला है। मनकुंवारी ने बताया कि उनका 12 सदस्यों का एक समूह है। हम लोगों को प्रधानमंत्री वनधन केंद्र में दोना पत्तल का प्रशिक्षण मिला है। हम दोना पत्तल बनाने का काम करते हैं और इसे बेचते हैं।

आप जनमन संगी है आप लोगों को किस तरह से जानकारी देती है - प्रधानमंत्री ने पूछा कि आप जनमन संगी है, बताइए लोगों को किस तरह से योजनाओं की जानकारी देती हैं। श्रीमती मनकुंवारी ने बताया कि मैं लोगों के घर-घर जाती हूँ। आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनवाती हूँ। इन्हें शिविर में ले जाती हूँ। जो काम 75 वर्ष में नहीं हुआ, वो 25 दिनों में पीएम जनमन योजना के माध्यम से पूरा हो गया। मैं आपको धन्यवाद देती हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस धन्यवाद के जवाब में मैं भी आपको धन्यवाद देता हूँ। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप लोग खेलकूद में भी खूब ध्यान लगाइये। पढ़ाई के साथ खेलकूद से भी नाता होना चाहिए। आजकल खेलकूद में जो अवार्ड मिलते हैं। उनमें आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अधिक होते हैं।

प्रधानमंत्री जो भी योजनाएं तैयार करते हैं उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं : विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री ने तहसील बगीचा में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कार्यक्रम में आम जनता को संबोधित किया

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जरूरतमंद परिवारों के लिए जो योजनाएं तैयार करते हैं, उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबके प्रयास को शामिल करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना लाई है। इसके माध्यम से हम इस वर्ग के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत तहसील बगीचा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर जिले में पीएम जनमन योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य जानकारी साझा करते हुए बताया कि यहाँ पहाड़ी कोरवा के 288 बसाहटों में 3761 परिवार और 16 हजार 629 जनसंख्या निवासरत है। इसी तरह जशपुर जिले में बिरहोर जनजाति 12 बसाहटों में 177 परिवारों और 565 जनसंख्या के साथ निवासरत है। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती दिवस 25 नवम्बर 2022 को पीएम जनमन योजना लागू की गई है। 3 साल तक लक्ष्य बनाकर प्रारंभ की गई इस योजनाओं से पिछड़ी जनजाति परिवारों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में इन जनजातियों के हित में कार्य करते हुए उनका आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन खाते, गैस कनेक्शन आदि से लाभान्वित किया जा रहा है। इनके बसाहटों तक सड़क भी पहुँचाई जा रही है। पीएम आवास का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष पिछड़ी जनजाति के 10-10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला कनेक्शन, पीएम किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,मातृ वंदना योजना,मनरेगा जॉब कार्ड,किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाणपत्र, जनधन बैंक खाता, आधार कार्ड, वनधन केंद्र से जुड़ी योजनाओं से लाभान्वित किया।

प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का भारत बनाने है ये बड़ा अभियान : श्याम बिहारी जायसवाल

मनेंद्रगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

रायपुर (विश्व परिवार)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज अपने गृह जिले मनेन्द्रगढ़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री श्री मोदी के सपनों के भारत को बनाने बहुत बड़ा अभियान है। जिसमें लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ भी तुरंत मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 38 करोड़ खातों का खुलवाना एक ऐतिहासिक

कदम है। माता एवं बहनों के नाम से नि:शुल्क गैस चूल्हा और गैस सिलेंडर देना। अब माताओं और बहनों की आंखे धुएं से नहीं जलती।आम आदमी ने कभी सोचा नहीं था कि वह भी पक्के मकान में रह सकेगा। पर उनके लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया कि हर गरीब परिवार को पक्का का मकान मिले। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास के 18.50 लाख अधूरे आवास को पूर्ण करने निर्णय लिया है। श्री जायसवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि 22 जनवरी 2024 को 500 सालों के बाद प्रभु श्रीराम की अपने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। आप लोग भी इसके सहभागी बने अपने शहर, मंदिर और घर को साफ-सफाई रखते हुए खूब सजाये, दिये जलाये, दिवाली की तरह मनाएं। उन्होंने लोगों से योजनाओं में शामिल होने के लिए पंजीयन कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया और खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। महमूद अन्सारी ने प्रधानमंत्री आवास, श्रीमती मिनल मिश्रा में मातृत्व वंदना के तहत अपने अनुभव को मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थी ने साथ के साझा किया।

अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन, गृहमंत्री के अगले दो दिनों के कार्यक्रम रद्द

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी प्रदीप शाह का मुंबई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। राजेश्वरीबेन (65) साल की थी। उनका अहमदाबाद के एक अस्पताल में फेफड़े के प्रत्यारोपण के बाद इलाज चल रहा था, और बाद में उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

पिछले हफ्ते, शाह ने दक्षिण मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में उनसे मुलाकात की थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी उनसे मुलाकात की थी। उनके निधन के बाद, शाह ने अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। उनके अहमदाबाद में उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने की संभावना है। हालांकि इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शाह कुछ दिनों के लिए मकर संक्रांति पर्व पर अहमदाबाद में थे जब उन्हें दुखद संदेश मिला। भाजपा के एक नेता ने कहा कि अपनी बड़ी बहन की मृत्यु के बाद अमित शाह ने अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। अमित शाह को आज गुजरात में दो सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेना था। एक कार्यक्रम बनासकांठा जिले के देवदार में बनास डेयरी में और दूसरा गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में थअमित शाह का बनास डेयरी की विभिन्न परियोजनाओं और उत्पादों को लॉन्च करने और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम था।

कोहरे की मार : ट्रेन से लेकर फ्लाइट तक सब लेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में इस समय कोहरे और शीतलहर ने कोहराम मचा दिया है। दिल्ली आ रही ना सिर्फ ट्रेनें लेट हो रही हैं, बल्कि फ्लाइट में भी देरी हो रही है। भीषण कोहरे की स्थिति के बीच, इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एक एडवायजरी जारी की है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा से पहले एयरलाइंस से संपर्क करें। जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा 'घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अद्यतन उड़ान जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। बता दें कि इससे पहले रविवार को, पूरे उत्तर भारत में कम दृश्यता और घने कोहरे की स्थिति ने इंडिगो के उड़ान संचालन को प्रभावित किया।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी : शशि थरूर

कोझिकोड (आरएनएस)। इस बात पर जोर देते हुए कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि ऐसी संभावना है कि मौजूदा सरकार का संख्या बल थोड़ा कम हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे दृढ़ता से लगता है कि उन्हें उस स्तर तक नीचे लाया जा सकता है, जहां कई संभावित सहयोगी उनके साथ शामिल नहीं होना चाहेंगे।

कोझिकोड समुद्र तट पर आयोजित केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के दौरान राजनेता-लेखक ने कहा कि यह देखते हुए कि भारत के विविध रंग हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि इंडिया गठबंधन को सभी राज्यों में पूर्ण समझौता करना पड़े। इंडिया गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट-बंटवारे के मुद्दे पर बात करते हुए थरूर ने रोकी जा सकने वाली हार सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक राज्यों में एक व्यवस्था की उम्मीद जताई।

कांग्रेस नेता ने केरल और तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए टिप्पणी की कि केरल में यह कल्पना करना कठिन है कि सीपीएम और कांग्रेस सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हालांकि, तमिलनाडु में सीपीआई, सीपीएम, कांग्रेस और डीएमके एक साथ हैं और कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछला चुनाव साथ मिलकर लड़ा था और इस बार भी लड़ने की संभावना है।

17 की शाम 9 जलागारों से जलप्रदाय नहीं होगा, 18 को सुबह जल प्रदाय आंशिक प्रभावित रहेगा

रायपुर (विसं)। नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट ने जानकारी देते हुए बताया कि मोवा सड्डु की ओर जाने वाली 700 एमएम व्यास की राईजिंग मेन तेलीबांधा चैक टनल क्रासिंग के अंदर लीकेज मरम्मत का कार्य दिनांक 17 जनवरी 2024 बुधवार को किया जाना प्रस्तावित है, इस कार्य में लगभग 12 घंटे का समय संभावित है। उक्त मरम्मत कार्य के कारण अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डु, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी एवं जोरा ओव्हर हेड टैंक से दिनांक 17 जनवरी को सुबह जलप्रदाय होने के पश्चात् शाम को जलप्रदाय नही होगा। दिनांक 18 जनवरी 2024 को सुबह जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

पर्यावरण के बेहतरी से ही जीवन में खुशहाली संभव : बृजमोहन अग्रवाल

शिक्षा मंत्री ने कहा- नई वैज्ञानिक तकनीकों के जरिए किसान बढ़ा सकते हैं फसलों की पैदावार

रायपुर (विश्व परिवार)। हम अपने भौतिक संसाधनों के लिए धीरे-धीरे प्रकृति का विनाश कर रहे हैं। ऐसे में अपने घरों और उसके आस-पास फल-फूल के पौधे लगा कर न केवल हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त भी बन सकते हैं। ये बातें शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के गांधी उद्यान में चल रही 3 दिवसीय प्रदेश स्तरीय वृहद फल-फूल सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर कही। प्रदर्शनी का आयोजन प्रकृति की ओर सोसाइटी, उद्यानिकी विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, नगर निगम रायपुर और जिन्दल स्टील व पॉवर लिमिटेड के सहयोग से किया गया था।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न किस्म के फलों, फूलों और सब्जियों के साथ ही बागवानी से संबंधित स्टॉल्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों ने कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री अग्रवाल ने किसानों से नई वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के खाद्यान्न, फलों, फूलों और सब्जियों की मांग देशभर में बढ़ रही है, जिसको देखते हुए हमारी सरकार किसानों को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का हर संभव प्रयास कर रही है। शहरों में बढ़ते प्रदूषण के कारण शुद्ध हवा तक मिलने में परेशानी होती है, ऐसे में हम अपने घर और आस-पास पेड़ पौधे लगाकर अपने आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध हवा की व्यवस्था कर सकते हैं। हमने देखा है कि कोरोना काल के बाद से लोगों को ऑक्सीजन की महत्ता और उपयोगिता का अहसास हो चुका है कि उनके लिए प्रकृति से बढ़कर और कुछ नहीं हो सकता। प्रदूषित पर्यावरण के कारण लोग चिड़चिड़े होते जा रहे हैं और दिन प्रतिदिन स्वास्थ्य बिगड़ते जा रहा है, ऐसे में प्रकृति के माध्यम से ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान और जिंदगी में सुकून, खुशहाली लाई जा सकती है। हम पेड़-पौधे लगाकर ही अपने आसपास के पर्यावरण और वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ज्यादा से ज्यादा गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

श्री शेखावत ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की

सभी घरों में नल लगने के बाद तुरंत सर्टिफिकेशन कराकर जल आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने के दिए निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राज्य में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव, जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री सुनील सोनी, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन संचालक श्री विकास शील, निदेशक श्री वाई.के. सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य के ज्यादा से ज्यादा गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे गांवों में जहां 90 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी पहुंचना चालू हो गया है, उन गांवों में जल्द से जल्द सभी घरों में नल से जल

आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। श्री शेखावत ने इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत समूह जलप्रदाय योजनाओं के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने गांव के सभी घरों में नल लगने के बाद तुरंत सर्टिफिकेशन कराकर जल आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन से जिन घरों में पेयजल पहुंच रहा है, वहां पानी की गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा और आपूर्ति की निरंतरता पर खास ध्यान दें। राज्य के जिन इलाकों में पेयजल में भारी तत्वों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक है, वहां जल की गुणवत्ता की हर महीने जांच करें। लोगों को हर हाल में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मुहैया कराना है। श्री शेखावत ने आगामी 26 जनवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति संबंधी बिंदु भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों की महिलाओं को गांव में नल से जल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव के लिए प्रशिक्षित कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ गांवों में इसके संचालन की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। उन्होंने दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर ऐसी छोटी बसाहटों में जहां भूजल की गुणवत्ता अच्छी है, वहां सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक जल प्रदाय की व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने बैठक में प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री श्री शेखावत ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके तहत गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ कार्य किए जाएं। उन्होंने ज्यादा आबादी वाले गांवों में वेटलैंड का निर्माण कर उपयोग किए हुए पानी का उपचार कर कृषि या उद्यानिकी के लिए इसका इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण के काम के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीणों से यूजर चार्ज प्राप्त करने के लिए आईईसी के माध्यम से जागरूक करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने बैठक में मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता श्री एम.एल. अग्रवाल, जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता श्री इंद्रजीत उइके और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता श्री राजेश गुप्ता सहित दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने वृद्ध महिला को तुरंत दिया हियरिंग एड

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर जन चौपाल में वृद्ध महिला कमरुन्निसा ने आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिलकर सुनने में हो रही तकलीफ की बात बताई। अपने पति के साथ पहुंची महिला की पीड़ा को कलेक्टर ने संवेदनशीलता के साथ सुना और समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को इनकी जांच कर सहायता के लिए कहा। उन्होंने अपने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन के अनुरूप हर जरूरतमंद व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ तत्काल सहायता पहुंचाना सभी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इस दिशा में त्वरित पहल हमेशा होनी चाहिए। जन चौपाल में ही महिला के श्रवण शक्ति परीक्षण में पाया गया कि महिला को सुनने की यह तकलीफ हियरिंग एड मिल जाने से दूर हो सकती है, यह जानकर कलेक्टर ने तत्काल हियरिंग एड मंगाकर कमरून्निशा को दिया। कमरून्निशा और उनके पति ने इस सहृदयता व तत्काल सहायता के लिए कलेक्टर डॉ. सिंह और उनकी टीम का आभार ज्ञापित कर हियरिंग एड मशीन के साथ कलेक्टोरेट से विदा हुए।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार द्वारा 22, 26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार ने 22 जनवरी अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2024 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को संपूर्ण जिले में संचालित समस्त देशी विदेशी एवं कम्पोजिट मंदिरा दुकानें को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब आदि जैसे एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ) एवं सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) तथा मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 22 जनवरी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2024 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब एवं मद्यभण्डारण- भाण्डागार को बंद किया जाना तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण, परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया जाना है।

देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में हम सब को देना होगा योगदान : टंक राम वर्मा

छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ ने किया कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा आज स्थानीय नगर भवन में जिले के सभी नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन किया गया.जिसमें कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बलौदाबाजार श्री टंक राम वर्मा, भाटापारा विधायक श्री इंद्र कुमार साव, कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए.

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ रमेश यदु के द्वारा किया गया.इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यह माह बहुत ही गौरवान्वित माह है.इस माह हम स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है और इसी माह में अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला विराजमान हो रहे है। हम सभी प्रभु राम और स्वामी विवेकानंद जी के बताये राह पर चले और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में हम सब को अपना अपना योगदान देना होगा तभी हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर पाएंगे। हमारा देश सामाजिक समरसता पर चलने वाला देश है यही जीवन का आधार है। उन्होंने अभिनंदन समारोह के लिए सभी समाज प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक कार्य करने का आश्वान दिया। इस मौके पर जिले के अनिल कुमार की सुपुत्री वैशाली वर्मा का सिविल जज में चयनित होने एवं राष्ट्रीय रामायण समिति अनिल सिंह का भी मुख्य मंच से शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर सर्व समाज अध्यक्ष कुशल वर्मा, महासचिव केके साहू सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक अन्य जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में होगा स्वागत समारोह, तैयारी के लिए राजभवन में हुई बैठक

रायपुर (विश्व परिवार)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन की गरिमामय उपस्थिति में राजभवन में शाम 5:15 बजे से ''स्वागत समारोह'' का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पद्मश्री, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संध्याकाल में 'एट होम फंक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राजभवन परिसर एवं आस-पास की साफ-सफाइ, रोशनी एवं झालर व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पार्किग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव एवं विधि अधिकारी श्रीमती नीरू सिंह, रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्र सहित राजभवन के अधिकारी और रायपुर कलेक्टोरेट, लोकनिर्माण, बिजली, उद्यानिकी, आयुष विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने शंकर नगर स्थित बी-5/10 बँगला में कार्यालय किया प्रारंभ

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज शंकर नगर रायपुर स्थित बी-5/10 बंगला में कार्यालय प्रारम्भ किया। श्री वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे।

गुरुगद्दी की पूजा कर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने लिया आशीर्वाद : कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने पंचशील नगर बलौदाबाजार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित नामायन एवं गुरुगद्दी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होने इस दौरान गुरुगद्दी का पूजा कर बाबा गुरु घासीदास जी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, विजय केसरवानी, आलोक अग्रवाल, रितेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

राज्य में अब तक 108.06 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

किसानों को 23,448 करोड़ रूपए का भुगतान, कस्टम मीलिंग के लिए 69.95 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 108.06 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 23448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 20 लाख 49 हजार 472 किसानों से 108 लाख 6 हजार 659 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 23 हजार 448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 90 लाख 40 हजार 649 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 69 लाख 95 हजार 876 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी लक्ष्य रखा गया है।

राज्य स्तरीय पीएमईजीपी प्रदर्शनी
स्थानीय उत्पाद अमृत महोत्सव
दिनांक : 17-01-2024 से 26-01-2024 तक
स्थल : वेलडेक्स ग्राउण्ड, सिविक सेंटर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)
समय : प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक
प्रदर्शनी का आकर्षण
- पीएमईजीपी/ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, शैम्पु, साबून, आर्टिफिशियल फ्लावर, जूता, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, हर्बल उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फर्नीचर, डेकोरेटिव सामग्री, मिट्टी से उत्पादित वस्तुएं इत्यादि।
- छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध कोसा की साड़ियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडिमेड शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट, बैडशीट, दरी, लुंगी, गम्छे इत्यादि।
प्रदर्शनी में पधारकर ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध ग्रामोद्योग की वस्तुओं एवं खादी वस्त्रों को खरीदकर कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वेदशी उत्पाद को प्रोत्साहित करें।
आयोजक
राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
प्रथम तल गांधी भवन, केयूर भुषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)- 492001
फोन : 0771-2886428 E-mail: - soraipur.kvic@gov.in, Website: www.kvic.org.in

धान उपार्जन केन्द्रों के मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी

दुर्ग (आरएनएस)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्र की सतत निगरानी, धान की गुणवत्ता, भंडारण, खरीदे गए धान का परिवहन, किसानों द्वारा धान विक्रय और उसका भुगतान प्राप्त करने आदि में आने वाली कठिनाईयों को नियमित जांच, पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी एवं मॉनिटरिंग करने हेतु धान केंदों में पूर्व में नियुक्त नोडल अध्धिकारियों के अतिरिक्त अधिकारियों की ड्युटी धान उपार्जन की अवधि तक लगाई है। नियुक्त अधिकारी प्रत्येक सप्ताह मे 02 बार एवं धान खरीदी के अंतिम 03 दिनों में अनिवार्य रूप से उर्पाजन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्र में निकुम व कुथरेल के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री अरविंद एक्का, बोरिद व कुर्मीगुडरा के लिए जिला पंचायत केमुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन, भेडसर व रसमड़ा के लिए अपर कलेक्टर श्री गोकुल रावटे, भरर व बटरेल के लिए आयुक्त नगर निगम रिसाली श्री आशीष देवांगन, उतई व खोपली के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, तेलीगुंडरा व डंगनिया के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री लवकेश ध्रुव, बोरीगारका के लिए डिप्टी कलेक्टर (परि.) श्री उत्तम ध्रुव, थनौद व कोलिहापुरी के लिए खाद्य नियंत्रक श्री सी.पी. दीपांकर, चंदखुरी व मंचादूर के लिए संयुक्त संचालक नगर तथा गाम निवेश श्री सूर्य भांत सिंह ठाकुर, कोड़िया व ननकठठी के लिए मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्री हरीश सक्सेना, तिरगा के लिए सीएसआईडीसी महाप्रबंधक श्री एन.के बरडे, आलबरस के लिए जनपद पंचायत मुख्य कार्यपलन अधिकारी श्री शैलेष कुमार भगत आदि नियुक्त किया गया है।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar,Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: + 91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com . http://eproc.cgstate.gov.in
E-Procurement Tender Notice
The Chief Executive Officer, NRANVP invites Item rate tender for the following works :
NIT No: 61/MD-WTP-RO-EEC-I/CE/NRANVP/2023-24, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 05.01.2024
Name of Work: Comprehensive Annual Maintenance Contract of Water Treatment Plant, RO Plants (Including Domestic RO) & Water Body Filtration System in Mantralaya Mahanadi Bhawan & HOD Indrawati Bhawan, at Capitol Complex, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (Chhattisgarh).
Estimated cost: INR 38.52 Lakhs EMD: INR 77,000.00, Period of Completion: 12 Months
Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on ....29.01.2024....
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online
Amendment In tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.
Chief Engineer,
NRANVP
SAMVAD- 39363/ 2

चलने-फिरने में अक्षम दिव्यांग बालक को मिला घरौंदा में बसेरा

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की जन चौपाल में आज शारीरिक शिथिलता की वजह से चलने-फिरने में पूरी तरह से अक्षम दिव्यांग बालक और उनके परिजनों ने मुलाकात कर बालक के पुनर्वास का अनुरोध किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विस्तार से बालक से बात की। यह बालक पूर्व में माना स्थित शासकीय बहुविकलांगता पुनर्वास केन्द्र में निवासरत था, किन्तु निर्धारित आयु संबंधी अड़चनों के कारण आगे इस बच्चे को उक्त केन्द्र में रखे जाने में समस्या आ रही थी। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं इस बच्चे के तत्काल पुनर्वास किए जाने एवं केन्द्र व राज्य शासन की उपयोगी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। बालक के परिजनों की सहमति से कलेक्टर के निर्देश पर बच्चे को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्था घरौंदा में रहने की तत्काल सुविधा मिली।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./8488/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 15-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8488
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737A00344 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SHANKAR LAL पिता/पति, श्री/श्रीमती GOVINDARAMA FULBADHYA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. श्री मनीष फुंलवध्या 2. श्री निखिल फुंलवध्या पिता/पति, श्री/श्रीमती दोनों के पिता श्री स्व. शंकरलाल फुंलवध्या ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत हक त्याग विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के.डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./8487/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 15-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8487
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR220C00090 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SWARNPAL SINGH CHAWLA पिता/पति, श्री/श्रीमती M.S. CHAWLA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. श्री रामकृष्ण ओझा पिता श्री सूर्य नारायण ओझा पिता/पति श्री/श्रीमती 2. श्री प्रकाश चंद कुण्डलिया पिता श्री सागर मल जी कुण्डलिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के.डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /8509/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 15-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8509
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR870A00272 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHIVSHANKAR BHAGAT पिता/पति, श्री/श्रीमती JOGENDER PRASAD BHAFAT के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती 1. SMT. SADHNA DEVI 2. SANTOSH KUMAR BHAGAT 3. PRAVEEN KUMAR BHAGAT 4. SANDEEP KUMAR BHAGAT पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. SHIVSHANKAR BHAGAT ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र B1 खातौनी/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /8459/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 15-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8459
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR568C00496 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती UATTAM KUMAR PATEL पिता/पति, श्री/श्रीमती RAGHUVIR SINGH PATEL के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती YOGESH KUMAR YADAV पिता/पति, श्री/श्रीमती SHRICHAND YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /8506/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 15-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8506
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR870I00580 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PREMVEER SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती SAHAB SINGH के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती SMT. LEENA CHOPKER पिता/पति, श्री/श्रीमती SANTOSH CHOPKER ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com
आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अंतर्गत डुमरतराई फेस-1, रायपुर में निर्मित फ्लैट क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस-200, ब्लॉक नम्बर-13, प्रथम तल, श्रीमती रोमा सिन्हा पति श्री बी.एस. सिन्हा, निवासी- धरमपुरा-1, पो.आ.धरमपुरा, जगदलपुर, जिला- बस्तर के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, आबंटी श्रीमती रोमा सिन्हा पति श्री बी.एस. सिन्हा द्वारा उक्त भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।
अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन/भूखण्ड/फ्लैट के मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाश के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा नियत समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com
// आम-सूचना //
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित, धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS-12 BLOCK NO-39 2nd Floor, को श्री दिव्य किरण लूकस पिता स्व. श्री एल.आर. कुर्रे, पता- मकान नं.- 35/729, अमर चौक, राजातालाब, रायपुर (छ.ग.) को कार्यालय के पत्र क्रमांक 595 दिनांक 29.01.2019 के माध्यम से नामान्तरण किया गया है।
श्री दिव्य किरण लूकस पिता स्व. श्री एल.आर. कुर्रे, की मृत्यु दिनांक 14.05.2022 को हो गया है। श्रीमती रत्ना चारी पति स्व. श्री दिव्य किरण लुकस, ने अपने पति की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमती रत्ना चारी पति स्व. श्री दिव्य किरण लुकस, के नाम नामान्तरण करने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अजीत बसंत ने सीएसईबी ग्राउंड का किया निरीक्षण

मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर अजीत बसंत ने पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात: 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय के महापौर या अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। परेड में सीआईएसएफ, पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगे। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियो सहित विभिन्न विभागों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

ध्वजा वितरण व भजन के साथ घर-घर दे रहे निमंत्रण

कोरबा(विश्व परिवार)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए बीजेपी नेता विकास महतो के साथ कार्यकर्ताओं की टोली घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर निमंत्रण दे रहे हैं। खास बात यह कि निमंत्रण भ्रमण के दौरान भजन कीर्तन करती हुई टोली के साथ हनुमान रूप धरे भी कार्यकर्ता साथ रहते हैं। घर पर लगाने के लिए ध्वजा का भी वितरण किया जा रहा है। बुधवार की शाम निहारिका स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर समिति के वरिष्ठगणों, पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। नगर निगम आवासीय परिसर में घर-घर जाकर पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र प्रदान कर 22 जनवरी को दीपोत्सव एवं महाआरती में शामिल होने की अपील की। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राणा के साथ बजरंग दल के सदस्य भी शामिल रहे।

13 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

कोरबा(विश्व परिवार)। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के द्वारा राज्य में किसी भी प्रकार के अवैध नशा पर प्रभावी कार्यवाही के अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीली पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर श्री अजय यादव एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में जिला के सभी थाना/चौकी में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर एवं अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी है। गांव में थाना प्रभारीगण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब की सूचनाएं देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है जिससे कई थाना क्षेत्र से अवैध महुआ शराब बनाने की सूचनाएं पुलिस टीम को प्राप्त हो रही है जिन पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 13 जनवरी को थाना पाली के ग्राम मखनपुर उरांवपारा , थाना पाली के कंदराइल खार अलगीडाड पानी टंकी के पास, थाना कटघोरा के टाटा शोरूम के सामने छुरी बंचर मोड़, थाना कटघोरा के बिजपुर, थाना कटघोरा के बरतराई आंगनबाड़ी के पास में संबंधित थाना /चौकी की टीम के द्वारा रेड किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया है, साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम की कार्यवाही में मिले 13 व्यक्ति। कुल 20 लीटर महुआ शराब जप्ती की गई है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की मां महामाया मंदिर में साफ सफाई

महासमुंद(विश्व परिवार)। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के सभी देव स्थानों को और अधिक स्वच्छ और निर्मल बनाने का जो अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रारंभ किया है। इसी तारतम्य आज मां महामाया मंदिर परिसर महासमुंद में महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आगाज हुआ। हाथ में झाड़ू लेकर साफ सफाई किया गया। जिसमे सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान सहित पार्षद ,नागरिक व पदाधिकारी गणों की मौजूदगी में शुरुआत किया गया। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने सभी नगरवासियों को आग्रह किया किया कि आइए, इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और रामलला के आगमन से पहले देशभर के मंदिरों व तीर्थक्षेत्रों को स्वच्छ बनाएं। महासमुंद के हाउसिंग बोर्ड कालोनी ई डब्लू एस में आज स्वच्छता पखवाड़ा और राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी हेतु स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया। जिसके तहत कालोनी में चारो ओर उगे हुए अन्वांछित पौधो को काटकर साफ किया साथ ही कालोनी के सभी 12 ब्लाको के पीछे पालीथीन और अन्य कचरे को साफ किया गया। पूरी कालोनी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार करने का बीड़ा कालोनी वासियों ने उठाया।

रामभक्ति की बयार : अक्षत कलश यात्रा, दे रहे न्यौता

कोरबा(विश्व परिवार)। रामजन्म भूमि पर मंदिर निर्माण के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि करीब है। राष्ट्रव्यापी अभियान में कोरबा कदमताल कर रहा है। जिले का कोना-कोना रामभक्ति की बयार से सुरभित हो रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। पसान में सरस्वती विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने भजन-कीर्तन के साथ लोगों को पूजित अक्षत लेकर मंदिर दर्शन के लिए न्यौता दिया। सभी क्षेत्रों में 21 जनवरी तक इस अभियान में काम होगा।

लखन देवांगन और विकास महतो ने किया शालेय शिक्षक संघ के कैलेंडर का विमोचन

कोरबा(विश्व परिवार)। 13 जनवरी को शालेय शिक्षक संघ कोरबा के वार्षिक कैलेंडर 2024 का वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय श्री लखनलाल देवांगन जी एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य श्री विकास महतो जी द्वारा विकास कॉम्प्लेक्स कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संघ पदाधिकारियों से परिचय कराया गया। विकास महतो जी द्वारा शिक्षा के महत्व एवं शिक्षक का समाज में महत्व को बताया गया। मंत्री जी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार शिक्षक हित में सदैव कार्य करती आयी है आगे भी करेगी और कोरबा जिले में शिक्षकों के प्रत्येक समस्या का समाधान किया जाएगा, जिससे वे अपने कार्य का निष्पादन और ऊर्जा के साथ करें।

अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित मांगे होगी पूरी : मंत्री लखनलाल

कोरबा(विश्व परिवार)। भाजपा शासन काल में अधिकारियों व कर्मचारी वर्ग को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा जितनी भी मांगे लंबित पड़ी है उन सभी पर भाजपा की साय सरकार सार्थक पहल जल्द करेगी। उक्त बातें अंधरीकछार स्कूल में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कही। मंत्री ने कहा की पिछली सरकार में फेडरेशन के माध्यम से जितनी भी मांगे भेजी जाती थी, उसमे से एक भी पूरी नहीं होती थी, लेकिन भाजपा सरकार में ऐसा नहीं होगा, हम संवाद सेतु स्थापित कर अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। कांग्रेस सरकार में शासकीय शिक्षकों के पदोन्नति में बहुत बड़ा भ्रष्टचार हुआ था, इस वजह से शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक रूप से बहुत परेशान होना पड़ा था। बहुत जल्द भाजपा सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए जितने भी पदोन्नति के मामले अटके हुए थे, उन पर शीघ्र पहल करेगी। फेडरेशन की और से वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री का महामाला से स्वागत और सम्मान किया। फेडरेशन की और से बीपी शर्मा, पंकज पांडे सत्येंद्र देवांगन प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अपाक्स संघ, रोहित तिवारी प्रदेश अध्यक्ष छग प्रदेश लिपिक संघ, सर्वेश सोनी, कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल का किया प्रदर्शन

कोरबा(विश्व परिवार)। 11 से 12 जनवरी तक कुरुडीह-संवराभांठा में मुख्य अतिथि स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर के प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं ग्राम.पं.मुकुंदपुर के सरपंच श्रीमति करम देवी कंवर के विशिष्ट आतिथ्य एवं सी.ए.सी. संजय कुमार चैहान एवं वाल्मीकि प्रसाद देवांगन (प्र.पा.मा. शा.मुकुंदपुर)एवं भगत राम दिनकर (प्र. पा. मा. शा. सोहागपुर) के कुशल मार्गदर्शन में दो दिवसीय सोहागपुर संकुल का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमनीपाली विद्यालय के कर्मा झांकी से किया गया। प्रतियोगिता में सभी खिलाडियों ने जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जिसके प्राथमिक स्तर पर दौंड़ में विकास, दिव्यांश,अनिरुद्ध। कबड्डी, खो-खो में पचपेड़ी ने और माध्यमिक स्तर के दौंड़ में दीपक, नितेश संजीत। कब्बड्डी में मुकुंदपुर, खो-खो में सोहागपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनसिंह कंवर, विजय जयसवाल,बुटकू सिदार सहदेवा कंवर, भारत चैहान एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। द्वितीय दिवस समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्य क्रम एवं पुस्कार वितरण पश्चात् सरपंच ने पूरे विद्यालय परिवार एवं सभी खिलाडियों को बधाई संदेश देते हुए मिल जुल कर खेल भावना से खेलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन क्रमशरू देवांगन, मनोज प्रधान और अशोक धैर्य ने किया।उक्त कार्यक्रम में कन्हैया पटेल,बबलू कुर्रे एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और सफई कर्मचारी ग्रामीणजनों का सराहनीय सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की गोठान योजना को जारी रखेगी भाजपा की सरकार

भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने दी जानकारी

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार अब नहीं रही। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई है, लेकिन कांग्रेस सरकार की गोठान योजना पूर्ववत जारी रहेगी। इस आशय की बड़ी जानकारी भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने मीडिया से बात करते हुए दी है। आमतौर पर जब कहीं भी किसी पार्टी की सरकार बदलती है और विपक्षी दल की सरकार बन जाती है तो पिछली सरकार की सभी योजनाओं पर विराम लग जाता है लेकिन छत्तीसगढ़ में इसका एक अपवाद इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने नरवा, गरुआ, घुरवा, बाड़ी योजना बनाई थी। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में गोठानों का निर्माण कराया गया था। इन गोठानों में गांव के गौ-धन को दिन में रखा जाता था। एक समिति इसका संचालन करती थी। यहां गोबर और गौमूत्र का संग्रह किया जाता था। जैविक खाद बनाया जाता था। इससे समितियों को आय होती थी। साथ ही रोजगार सृजन होता था। पूर्व में भारतीय जनता पार्टी इस योजना में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाती थी। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद समझा जा रहा था कि यह योजना बन्द कर दी जाएगी। लेकिन इस नहीं हो रहा है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बता दिया है कि यह योजना पूर्ववत संचालित होती रहेगी। एमजीआर उन्होंने यह भी कहा है कि गोठांन में अब भ्रष्टाचार नहीं होगा बल्कि वह लोगों के उत्थान के केन्द्र होगा। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा के लिए कोरबा आये केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए 1167 किलोमीटर लंबी सड़कों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत दी है। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में पूर्व में मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार पर भी चर्चा की गई है।

छत्तीसगढ़ की गर्भवती महिलाओं में बढ़ रहा है डायबिटीज का खतरा : सिम्स में हुआ शोध

बिलासपुर(विश्व परिवार)। बिलासपुर सहित राज्य में महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज का खतरा बढ़ रहा है।छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर के बायोकेमिस्ट्री विभाग और स्त्री रोग विभाग के संयुक्त शोध में यह तथ्य प्रकाश में आया है। चिकित्सकों की भाषा में इसे जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस के नाम से जाना जाता है। गर्भावस्था के आरम्भ अथवा मध्य में ग्लूकोस का मेटाबोलिज्म सम्पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इस स्थिति को जेस्टेशनल ग्लूकोज़ इम्पेयरमेंट कहते हैं। यही स्थिति आगे चलकर गर्भावस्था में होने वाले डायबिटीज मेलिटस में परिवर्तित हो जाती है। मातृत्व स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

मंत्रालय, भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार भारत में गर्भावस्था के दौरान जेस्टेशनल मधुमेह से ग्रसित स्त्रियों का प्रतिशत 10 से 14.3 प्रतिशत है, जो की वैश्विक प्रतिशत से बहुत अधिक है। सिम्स में बायोकेमिस्ट्री विभाग में हुए शोध में भी चौकाने वाले आंकड़े आये हैं। डॉ प्रशांत निगम ने विभाग द्वारा किये गए पॉयलेट स्टडी में ही 600 महिलाओं में से 90 महिलाओं में जेस्टेशनल डायबिटीज की स्क्रीनिंग हेतु ओरल ग्लूकोस टॉलरेंस टेस्ट के परिणाम के आधार पर निर्धारित मानक से ज्यादा ग्लूकोज़ पाया गया। सिम्स आने वाली गर्भवती महिलाओं में उक्त पायलट स्टडी के अनुसार 15त्न महिलायें जेस्टेशनल डायबिटीज से पीड़ित पाई गईं हैं, व्यापक शोध करने पर यह आंकड़ा कम या ज्यादा हो सकता है। स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ संगीता जोगी ने बताया की यदि जेस्टेशनल डायबिटीज का इलाज़ न किया जाए तो माँ एवं बच्चे दोनों को खतरा हो सकता है। इसीलिए सभी गर्भवती स्त्रियों को अनिवार्यत: यह जांच करानी चाहिए। यह जांच बहुत सरल एवं सुगम है। सिम्स में यह जांच नियमित रूप से की जा रही है।

कोयला लोड बेकाबू वाहन पलटा, कोयला लूटने मची होड़

कोरबा(विश्व परिवार)। कोयला लोड एक ट्रक भैषमा चैक के पास बेकाबू होकर पलट गया। वाहन कोरबा जीके की कोल वाशरी से कोयला लेकर जा रहा था। दुर्घटना के बाद मौके पर कोयला बिखर गया जिसे लूटने के लिए लोगों में होड़ लग गई। हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। उधर घटना के कारण मौके पर उतपन्न स्थिति की जानकारी होने पर उरगा पुलिस पहुची और हालात को सामान्य किया। जशपुर मार्ग पर कोरबा से 15 किमी दूर भैषमा चैक के पास कोयला लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। रविवार की तडके यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है,कि ट्रक धतूरा कोल वॉशरी से कोयला लेकर रायगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक भैषमा चैक के पास पहुंचा वैसे ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही मौके पर कोयला सडक पर बिखर गया जिसे लूटने के लिए लोगों में होड़ मच गई। जिसे जितना मिला उतना कोयला अपने साथ ले गया। कहा तो यह भी जा रहा है,कि डीजल की लूट भी मचाई गई। दुर्घटना में चालक को हलकी चोट लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

संपादकीय

विन्ध्य पार भाजपा की ज्यादा तैयारी!

एकनाथ शिंदे के खेमें का असली शिवसेना घोषित होना अंहम सियासी संकेत है। इससे48 लोकसभा सीटों की चुनावी तस्वीर साफ हुई है। महाराष्ट्र में भाजपा अकेले अपने दम पर, अधिकाधिक सीटों पर लड़ेगी। शिंदे और अजित पवार के लोगों को भाजपा 48 में से दस सीटे बांटे तो बड़ी बात होगी।दोनों के जमीनी आधार को लेकर भाजपा गलतफहमी में नहीं है। सबने माना हुआ था कि शिंदे गुट की ठाकरे परिवार के भगवा वोटों पर पकड़ नहीं है। सो पहली बात भाजपा बनाम ठाकरे परिवार के बीच अगला चुनाव आर-पार का है। भाजपा की पहली प्राथमिकता मुंबई, थाने, पूणे की पट्टी से ठाकरे पार्टी के सफाए की होगी। भाजपा राम मंदिर की हवा और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर महाराष्ट्र में वैसे ही परिणामों की उम्मीद में है जैसे उत्तरप्रदेश में उम्मीद है। सोचे, यदि यूपी में भाजपा 80 में से 75 सीटे जीते और महाराष्ट्र की 48 में से चालीस सीटे जीते तो मई के चुनावों में भाजपा की 400 सीटों का हल्ला साकार हो सकता है। क्या ऐसा सिनेरियों उद्धव ठाकरे, शरद पवार, कांग्रेस नेता, अखिलेश और मायावती को समझ आ रहा होगा? ये इस हिसाब से क्या कोई करों-मरों वाली चुनावी तैयारियां करते हुए है। हां, अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की हवा काफी हद तक अखिल भारतीय होनी है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह आदि भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की चुनिंदा सीटों पर जैसा ध्यान दिया है वह चौंकाने वाला है। पिछले चुनावों में 30 प्रतिशत के आसपास के भाजपा वोटों वाली तमाम सीटों पर माइक्रों लेवल पर भाजपा-संघ नेता काम करते हुए है। जैसे भाजपा चुनाव में नेताओं के भाषणों की शुरूआत कॉरपेट बमबारी से करती है और माहौल बनाती है वैसे ही इस बार विन्ध्य पार भाजपा बड़ा हल्लाबोल बनाएगी। केंद्रीय मंत्रियों और नामी चेहरों को चुनाव में उतारेगी तो चुएक-एक संभव सीट पर विपक्ष की फूट का फायदा उठा कर 35 प्रतिशत वोटों से सीट जीतने की मेहनत करेगी। ध्यान रहे केरल, तमिलनाडु में भी ऐसी पांच-छह सीटे है जहां भाजपा को 25-30 प्रतिशत वोट मिले हुए है। सो यदि केरल में कांग्रेस-लेफ्ट फ्रंट चुनाव में आमने-सामने हुए (जिसकी संभावना है) तो भाजपा चुनाव में पांच-आठ प्रतिशत बढ़वा कर कुछ सीटों पर अनहोनी कर सकती है।

महिलाओं के लिहाज से बीता साल

हेमलता म्हस्के

पिछले साल के दिसंबर में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) रिपोर्ट के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल चंद्रयान-तीन की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। चंद्रयान-3 की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'राकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में राकेट वूमेन के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। चंद्रयान-3 की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं हैं। पिछले कुछ दशकों में महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है आठ जनवरी 2024 को आए सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में महिलाओं की जीत हुई है। कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में आरोपियों की रिहाई का सख्त नोटिस लिया है और उन्हें फिर से सलाखों के पीछे डालने का आदेश दिया है। इस मामले में न्याय की जीत हुई है। साथ ही यह मामला यह भी दर्शा रहा है कि सरकारें अकसर महिलाओं के मामलों में संवेदनशील नहीं रहती हैं। इस वर्ष के इस फैसले ने यह जरूरी कर दिया है कि हम यह देखें कि बीता साल महिलाओं के मामलों में कैसा रहा। महिलाओं के लिहाज से पिछले साल का लेखा-जोखा किया जाए तो उनके खाते में कोई खास बेहतरी नजर नहीं आती। कुछ बड़ी उपलब्धियों के अलावा अनेक हिंसक कार्रवाइयां हैं जो महिलाओं को दोयम दर्जे का साबित करती हैं। इसके बावजूद महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की और समाज को महिलाओं के मामलों में संवेदनशीलता के साथ विचार करने के लिए प्रेरित किया। बीता हुआ 2023 का साल महिलाओं को बरसों याद रहेगा, क्योंकि यही वह साल है जब संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ। सैद्धांतिक रूप से ही सही, पहली बार संसद में यह विधेयक पारित हुआ जो महिलाओं की तरक्की की और उनके दबदबे की अभूतपूर्व मिसाल है। इस राजनीतिक अधिकार को हासिल करने के बाद यह उम्मीद भी पैदा हुई है कि आने वाला भविष्य उनके हालात में आमूलचूल बदलाव जरूर लाएगा, लेकिन दूसरी ओर इस साल मणिपुर में महिलाओं की आबरू उतारने और पहलवान महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन् के मामले भी उठे थे।

पिछले साल के दिसंबर में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) रिपोर्ट के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल चंद्रयान-तीन की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। चंद्रयान-3 की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'राकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं।

पिछले साल के दिसंबर में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) रिपोर्ट के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल चंद्रयान-तीन की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। चंद्रयान-3 की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'राकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में राकेट वूमेन के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। चंद्रयान-3 की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं हैं। पिछले कुछ दशकों में अपने क्षेत्रों के अलावा महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है, कामयाबी के परचम लहराए हैं। उन्होंने साबित किया है कि वे अब किसी से कम नहीं हैं। वहीं यह दुखद और शर्मनाक है कि महिलाओं पर अत्याचार घर में और बाहर भी बढ़े हैं। दुर्गति यह है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को सजा नहीं मिलती और महिलाओं को उन्हीं के हवाले छोड़ दिया जाता है जो उन पर अत्याचार करते हैं। महिलाओं के साथ यह भी विडंबना है कि उन पर जब कभी अत्याचार होता है तो दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होने के बजाय महिलाओं पर ही दोष मढ़ दिया जाता है। अब जरा अपराध के आंकड़ों पर गौर करें। वर्ष 2022 की एनसीआरबी रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 445256 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2021 में यह संख्या 428278 थी। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 2020 के मामलों की तुलना में महिलाओं के खिलाफअपराधों में 15.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर मामले 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 प्रतिशत) के थे। इसके बाद महिलाओं का अपहरण (19.2 प्रतिशत), शील भंग (गरिमा को ठेस पहुंचाने) करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के तहत (18.7 प्रतिशत) और बलात्कार (7.1 प्रतिशत) के मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2022 में दिल्ली में लगातार तीसरे साल 14158 मामलों के साथ महानगरों में महिलाओं के खिलाफअपराध के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए। 'महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उन पर हमला' और 'महिलाओं के अपहरण' के तहत दर्ज मामलों में दिल्ली 19 महानगरों में आगे रही। सभी राज्यों में उत्तरप्रदेश महिलाओं के खिलाफ दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा 65743 की संख्या के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है।

विचार

अड़ियल रुख छोड़े चीन, एलएसी पर सेना का जमावड़ा

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने भारत-चीन सीमा के ताजा हालात पर जो कहा, वह दोनों देशों के बीच चल रहे गतिरोध पर भारत के कड़े रुख को दर्शाता है। सेना प्रमुख ने साफ-साफ कहा कि सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती तब तक रहेगी जब तक वहां हालात नहीं बदलते। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का पहला उद्देश्य सीमा पर 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना है। जब यह हो जाएगा, तभी अन्य बातों पर विचार किया जाएगा। दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में भी भारत-चीन संबंधों में आए गतिरोध पर ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने साफ किया था कि जब तक स्टेटस को आंटे (यानी यथास्थिति से पहले की स्थिति) बहाल नहीं की जाती तब तक संबंधों में बेहतरी की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। स मामले में शुरू से भारत अपने इस रुख पर कायम है। अगर दोनों देशों के रिश्तों को देखा जाए तो सीमा को लेकर मतभेद तो हमेशा रहे। मगर इसके बावजूद विश्वास का माहौल बन गया था, जिसके आधार पर न केवल सीमा पर लंबे समय से शांति बनी हुई थी बल्कि द्विपक्षीय सहयोग और व्यापार भी फल-फूल रहा था। अप्रैल-मई 2020 में चीन की एकतरफा कार्रवाई से वह स्थिति बदली और दोनों देशों के बीच टकराव का नया दौर शुरू हुआ। ऐसे में जब तक सीमा पर उस कार्रवाई से पहले वाली स्थिति बहाल नहीं की जाती, तब तक यह कहने का क्या अर्थ है कि बीती बातों को भूलकर नए सिरे से सहयोग शुरू किया जाए? यही मूल बिंदु है जहां बात आगे नहीं बढ़ रही। सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के दौर पर दौर हुए, कुछ बातों पर सहमति भी बनी लेकिन 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना तो दूर, चीन बचे हुए दो प्रमुख स्थानों देपसांग और देमचोक पर सैन्य उपस्थिति कम करने को भी राजी नहीं हो रहा। यही वजह है कि भारत ने भी खुद को इस बात के लिए तैयार कर लिया है कि सीमा पर बना यह गतिरोध लंबे समय तक चल सकता है। ꞉ष्ट पर 50 हजार से ज्यादा सैनिकों के लिए रहने की जगह तो पहले ही बन चुकी थी, वहां इसी हिसाब से इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने और कनेक्टिविटी डिवेलप करने की भी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि ꞉ष्ट पर इतनी बड़ी संख्या में फौज की मौजूदगी लगातार बनाए रखना दोनों देशों के लिए न केवल कठिन है बल्कि संसाधनों की बर्बादी भी है। इसलिए यह दोनों के हक में है कि मध्य 2020 से पहले की स्थिति बहाल कर संबंधों में भी पुराना विश्वास कायम करने की कोशिश की जाए। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझ ले उतना अच्छा।

तालठोकू फ़रमान और कांग्रेस का इनकार

हालांकि बहुतों को लगता है, मगर मुझे नहीं लगता कि 22 को अयोध्या पहुंचने के फ़रमान को सरयू में तिरोहित कर देने के कांग्रेसी निर्णय से उसे कोई चुनावी नुक़सान होगा। उलटे इस से भारतीय जनता पार्टी समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तमाम सहयोगी संगठनों की नीयत पर प्रश्नचिह्न लग गया है।ज्मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ईसा से 5114 साल पहले जनवरी महीने की दस तारीख़ को जन्मे थे। तब चैत्र महीने का शुक्ल पक्ष था। इस दिन हम हर साल रामनवमी मनाते हैं। इस वर्ष रामनवमी 18 अप्रैल को है।ज.इसलिए सोनिया गांधी इस रामनवमी पर रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएं। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी जाएं तो और अच्छा। 22 जनवरी को श्रीराम मदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा भेजा गया रामलला के कथित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण कांग्रेस ने 'बहुत आदरपूर्वक' अस्वीकार कर दिया। इस के बाद सारा 'मोशा मीडिया' कांग्रेस पर पिल पड़ा। उस ने छोटे परदे और कागज़ी पन्नों के दस्तरख़्वान पर अपने समर्थक विशेषज्ञों को ऐसा परोसा, ऐसा परोसा कि इस मसले पर देश की भावनाएं उफन-उफन कर अपने गर्म सैलाब में सारे बुनियादी सवालों को बहा ले जाएं। मैं तो बहुत ख़ुश हूं कि अर्णबों, अंजनाओं, नाविकाओं और उन के अनुवर्ती चट्टोबट्टों के फेंके तमाम पत्थरों के बावजूद भारत के सर्वसमावेशी आसमान में कोई सूराख़ नहीं हुआ। हो सकता है कि अपनी अस्वीकृति का ऐलान करने के प्रारूप की वाक्य संरचना गढ़ने में कांग्रेस ने उतनी परिपक्वता से काम नहीं लिया हो।

चुनाव में क्या आर्थिकी, माली दशा के मुद्दे होंगे

अजीत द्विवेदी

पिछले लोकसभा चुनाव की एक खास बात यह थी कि उसमें अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं थे। चुनाव में व्यापक रूप से राजनीतिक, धार्मिक व राष्ट्रवाद के मसले हावी रहे थे। आमतौर पर जब चुनाव इस तरह के मुद्दों पर होते हैं तब यथास्थिति बनी रहती है। भारत में या दुनिया के दूसरे देशों में भी जब जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं तभी सत्ता बदल की संभावना पैदा होती है। जैसे 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने उठाया था। तब महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा थी। भ्रष्टाचार का मुद्दा भी था लेकिन उसमें एक पहलू सबसे ज्यादा हावी था काले धन का। कहा जा रहा था कि दुनिया में भारत से भेजा गया चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन जमा है, जिसे नरेंद्र मोदी जीते तो वापस ले आएंगे और उससे भारत की बरबाद हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जाएगी। लेकिन इसके बाद हुए चुनाव में यानी 2019 में विपक्ष प्रभावी तरीके से यह मुद्दा नहीं उठा सका कि चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन कहां है? आर्थिक मुद्दों से जनता का ध्यान हट कर दूसरे मुद्दों पर चला गया था। जनता पुलवामा की घटना की बात कर रही थी या उरी व बालाकोट के सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा हो रही थी। राष्ट्रवाद के इन मुद्दों के अलावा देश मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई दर्जनों फैंसी योजनाओं में अच्छे दिन तलाश रहा था। पांच साल के बाद एक बार फिर चुनाव आया है तो अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सब कुछ अयोध्या के राममंदिर, जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370, संशोधित नागरिकता कानून व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की संभावना, काशी की ज्ञानवापी मस्जिद व मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण और लक्षद्वीप बनाम मालदीव के विवाद पर केंद्रित दिख रहा है। इन घटनाओं के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर आई कि चालू वित्त वर्ष यानी 2023-23 में देश का सकल घरेलू उत्पादन यानी जीडीपी 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने नए साल के पहले अग्रिम अनुमान के तौर पर यह आंकड़ा जारी किया है। यह आंकड़ा इसलिए अहम है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकार अगले साल का बजट बनाने में करती है। हालांकि अगले साल का पूर्ण बजट चुनाव के बाद आएगा फिर भी चुनाव और अंतरिम बजट से पहले आए इस अनुमान से सरकार को चुनाव के लिहाज से कुछ बड़े फैसले करने का मौका मिलेगा। ध्यान रहे दुनिया में बहुत कम देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था छह फीसदी या उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। भारत उनमें से एक है। दुनिया की जीडीपी में भारत का हिस्सा करीब 15 फीसदी हो गया है। भारत में इस साल चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और अनुमान से ज्यादा 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की खबर सत्तारूढ़ दल के लिए बहुत सुखद संकेत है। लेकिन क्या जीडीपी का यह आंकड़ा देश की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर दिखा रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि जब आप इन आंकड़ों की बारीकी में जाएंगे तो कई चिंता में डालने वाली चीजें दिखेंगी। जैसे राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में कृषि सेक्टर की विकास दर 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह चार फीसदी रही थी। सोचें, जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान 15 फीसदी के आसपास है और अब भी सबसे बड़ी आबादी रोजगार और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, उस सेक्टर में विकास की दर सिर्फ 1.8 फीसदी है! जब हम आम लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों की बात करते हैं तो एक समस्या यहां दिखाई देती है। भारत के नौजवानों का मन खेती में नहीं लग रहा है और इसलिए लगातार कृषि कार्य से वर्कफोर्स बाहर निकल रही है। परंतु मुश्किल यह है कि दूसरे सेक्टर में नौकरियां पर्याप्त संख्या में नहीं बढ़ रही हैं। गुणवत्ता वाली नौकरियों का तो देश में अकाल हो गया है। इसका नतीजा यह है कि ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट या इंजीनियरिंग, एमबीए की डिग्री वाले नौजवान चपरासी और जू-कीपर की नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं। इसी आंकड़े को बारीकी से देखें तो उसमें यह भी दिखाई देता है कि उपभोक्ता खर्च में विकास दर 4.4 फीसदी है, जो पिछले वित्त वर्ष में 4.5 फीसदी था। इसका मतलब है कि कोरोना वायरस की महामारी के बाद उपभोक्ता खर्च में जो कमी आई थी वह पुराने स्तर पर नहीं लौटी है और निकट भविष्य में उसके लौटने की संभावना भी नहीं दिख रही है। उसका कारण यह है कि गुणवत्ता वाली नौकरियां कम हो रही हैं और पूंजी का केंद्रीकरण चुनिंदा लोगों के हाथ में हो रहा है, जिससे आम लोगों की खर्च करने की क्षमता लगातार कम होती जा रही है। देश में तीन या चार फीसदी के करीब सुपर स्पेंडर हैं यानी खुल कर खर्च करने वाले हैं, जिनकी वजह से अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दिखाई दे रही है लेकिन वह असली तस्वीर नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था का एक आंकड़ा यह भी है कि 10 लाख से कम कीमत की गाड़ियों की बिक्री ठहर गई है, जबकि एक करोड़ या उससे ज्यादा कीमत की गाड़ियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। दिल्ली एनसीआर से लेकर मुंबई, बेंगलुरू तक कम कीमत के मकान बन कर बिना बिके बगैर पड़े हैं, जबकि महंगे अपार्टमेंट की बिक्री हाथों-हाथ हो रही है।असल में सरकार ने बहुत होशियारी से अर्थव्यवस्था की बड़ी तस्वीर यानी मैक्रो इकॉनोमी का प्रबंधन किया है। ऊंची विकास दर दिखाई दे रही है, महंगाई दर काबू में हो गई है, विदेशी मुद्रा भंडार भरा हुआ है और मीडिया के जरिए यह माहौल बना हुआ है कि चीन से कारोबारियों का मन उचट रहा है तो उनकी पसंदीदा जगह भारत है।

बच्चों, मीडिया कर्मियों की कब्रगाह...

श्रुति व्यास,

गाजा की वाहेल दहदू की दुनिया कतरा-कतरा करक बिखर रही है। तीन दिन पहले, वाहेल ने अपने परिवार के पांचवे सदस्य, सबसे बड़े बेटे हमजा दह को दफनाया। चार महीने पहले उन्होंने अपनी पत्नी, 15 साल के बेटे, 7 साल की बेटी और 18 माह की पोती को सुपुर्देखाक किया था। परिवार के ये सभी लोग इजरायली हवाई हमलों में मारे गए थे। बावजूद इसके वाहेल की हिम्मत टूटी नहीं है। वे इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार को दुनिया को दिखाने में जुटे हुए हैं। वाहेल दाहूद, अल जज़ीरा के गाजा ब्यूरो चीफ हैं। उनके पुत्र हमजा भी अल जजीरा के संवाददाता थे और अपने एक साथी पत्रकार मुस्तफा थुराया के साथ यात्रा पर थे जब खान युनिस के पश्चिमी हिस्से में एक इजरायली मिसाइल उनकी कार से आ टकराई। जिस कब्रिस्तान में उनके पुत्र को दफनाया गया वहीं से बातचीत करते हुए वाहेल बुझे-बुझे लेकिन शांत नजर आए। उन्होंने कहा कि वे गाजा के उन ढेर सारे लोगों में से एक हैं जो हर दिन अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने को मजबूर हैं। गाजा न केवल 'हजारों बच्चों की कब्रगाह' बन गया है बल्कि यह मीडियाकर्मियों के लिए भी सबसे घातक इलाका है। गाजा पर इजरायली हमले शुरू होने के बाद के तीन महीनों में वहां 79 पत्रकार जान गवां चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। सन् 1992 से कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्टस (सीपेजे) ने गाजा के इलाकों का कवरेज करने वाले पत्रकारों के आंकड़े संकलित करने प्रारंभ किया है। तब से लेकर आज तक, गाजा में पहले महीने में मारे गए पत्रकारों की संख्या किसी भी अन्य संघर्ष में मारे गए पत्रकारों से अधिक है। दूसरे युद्ध, जो रूस और यूक्रेन के बीच 2022 से जारी है, में अब तक कुल 17 पत्रकारों ने अपनी जान गंवाई है। फ्रेंच कैमरामैन फ्रेडरिक लेकलेर्क-इमहाफ, जो मई में मारे गए, के बाद से वहां

अब तक किसी पत्रकार ने अपनी जान नहीं खोई है। मगर गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या द्वितीय विश्वयुद्ध में मृत पत्रकारों की संख्या (69) से अधिक हो गई है। वियतनाम युद्ध में 63 पत्रकारों ने जान गंवाई थी और सीपीजे के अनुसार, ईराक में 2003 से लेकर अब तक 283 पत्रकार मारे हैं जिनमें युद्ध के पहले माह ङ्क मार्च 2003 और अप्रैल 2003 के बीच ङ्क मारे गए 11 पत्रकार भी शामिल हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इजराइल-गाजा युद्ध अब तक के युद्धों में पत्रकारों, बच्चों, शिशुओं, महिलाओं, मानवता और सभ्यता के लिए सबसे घातक रहा है; और उसके प्रभावितों की संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। एक विभीषिका के बाद दूसरी, एक नरसंहार के बाद दूसरा, हर दिन के हर घंटे में हो रहा है लेकिन इसके खिलाफ नाराजगी नजर नहीं आती। दुनिया के नेता अब भी इतने दब्बू और डरपोक बने हुए हैं कि वे साफ शब्दों में बीबी से विनाश और मौतें रोकने के लिए नहीं कह पा रहे हैं। दुनिया भर का मीडिया इतना भयभीत है कि वो लाईव टीवी पर चुपचाप गाजा को मलबे का ढेर बनता दिखा रहा है।पर खरी-खरी कहने की हिम्मत किसी की नहीं है। जब इजराइल ने विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर पाबंदी लगाई, तो जान हथेली पर रखकर सारी दुनिया को सच्चाई बताने का दायित्व फिलिस्तीनी पत्रकारों पर आ गया। जैसा कि रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा इजराइल गाजा को मीडिया कवरेज से पूरी तरह महरूम करने के बहुत निकट पहुंच चुका है।अब केवल फिलिस्तीनी ही वहां से सच्चाई बयां कर रहे हैं और एक-एक करके उन्हें भी खामोश किया जा रहा है। पत्रकार भी साधारण नागरिक हैं और गाजा में कोई भी स्थान उनके लिए महफूज नहीं है। इस छोटे से इलाके में लगातार चल रहे इजराइल के अंधाधुंध हमलों से सभी को खतरा है। पत्रकार अस्पतालों से खबरें दे रहे हैं, लेकिन अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है, वे सुरक्षित स्थान की तलाश में जा रहे लोगों के काफिलों की खबरें दे रहे हैं, लेकिन उन काफिलों पर भी हमले हो रहे हैं। मरने वालों पत्रकारों की बढ़ती संख्या के बीच सीपीजे यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि क्या जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है? ऐसी शंका होने की एक वजह यह है कि लेबनान, जहाँ हालात इतने अराजकतापूर्ण नहीं हैं, वहां एक पत्रकार और कैमरामेन की मौत के संबंध में रिपोटर्स विदाउट बॉर्डर्स इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि इजराइल ने उन पर जानबूझकर हमला किया। और यदि इजरायली सेना जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बना रही है तो इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। युद्ध जैसे-जैसे गंभीर रूप ले रहा है, मरने वालों की संख्या बढ रही है और समुदाय बर्बाद हो रहे हैं, वैसे=वैसे यहूदियों के प्रति जो सहानुभूति और भाईचारे का भाव था, वह तेजी से तिरोहित हो रहा है और यहूदी-विरोधी विचारधारा जोर पकड़ रही है। लोग युद्धविराम का आव्हान कर रहे हैं। कल ही अमरीकी राष्ट्रपति जो बाईडन जब साऊथ कैरोलिना में एक ऐतिहासिक चर्च में भाषण दे रहे थे तब युद्धविराम के पक्ष में नारेबाजी के कारण उन्हे अपना भाषण रोकना पड़ा। इस स्थिति से इजराइल के शासक चिंतित हैं क्योंकि वे पश्चिमी हथियारों, अनुदान और कूटनीतिक समर्थन पर बहुत हद तक निर्भर हैं। यदि यूरोप और अमेरिका में जनमत उनके खिलाफ हो गया । जिसकी शुरूआत हो गई है ङ्क तो मदद खतरे में पड़ जाएगी। तो नैरेटिव को अपने पक्ष में कैसे रखा जाए? गाजा से आने वाली आवाज और तस्वीरों को रोक दो, वहां मौजूद आईने तोड़ दो जिससे इजराइली सशस्त्र बलों द्वारा वहां ढाए जाने वाले ज़ुल्मों की दास्तानें छुपी रहें। यह अत्यंत निराशाजनक और त्रासद है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रेस इसका मूक दर्शक बना हुआ है और वे खबरें भी नहीं दे रहा हैं जो उसे मालूम हैं। ऐसा लगता है कि दुनिया की हर संस्था और हर नेता ने गाजा में हर दिन हो रही तबाही से नजरें फेर ली हैं।जो हो, सलाम गाजा के उन पत्रकारों का जो हर दिन अपने परिवारजनों और अपने साथियों को खो रहे हैं, और अपनी भी जान हथेरी पर रख कर खबरे दे रहे है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

हर बड़ा आदमी विनम्र होता है, सबसे पहले विनय को धारण करना सीखो : मुनिश्री विनम्रसागर जी महाराज

सामूहिक धर्म ध्यान का विशेष महत्व है- मुनिश्री

विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने किया आचार्य श्री का पूजन

तालबेहट/ललितपुर (विश्व परिवार)। कस्बे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि विनम्र सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर बड़ा आदमी विनम्र होता है, सबसे पहले विनय को धारण करना सीखो। जिसने जिन शासन को स्वीकार किया, उसके मन्त्रों की अचिंत्य महिमा से वह तर गया। सीता, लव-कुश और अग्नि परीक्षा का संस्मरण सुनाया एवं कहा कि यदि किसी को अपने पुरुषार्थ पर संदेह नहीं है तो उसे रोने की आवश्यकता नहीं। मुनि श्री ने कहा कि सभी की चार गतियाँ अनर्थ, व्यर्थ, सार्थ और परमार्थ हैं जिसको समझना होगा। जिसे किसी ने बताया नहीं और कोई अब तक समझ नहीं पाया, ग्रन्थ हर किसी से बात नहीं करते लेकिन निर्ग्रन्थ की आवाज जन-जन तक पहुँच जाती है। जब जागो तभी सबेरा इसलिए यह अच्छी तरह समझ लो तन, मन, धन, वचन, समय या किसी वस्तु का उपयोग, उपभोग या प्रयोग करते वक्त यह चिंतन करना चाहिए की इससे अनर्थ, व्यर्थ, सार्थ और परमार्थ किस गति का बंध होगा इसी में मानव जीवन की सार्थकता है। सुबह मुनि विनम्र सागर महाराज के साथ मुनि निस्वार्थ सागर, मुनि निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनि श्रमण सागर एवं क्षुल्लक हीरक सागर के सानिध्य में सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं विधान का आयोजन किया गया। विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने अष्ट द्रव्य को सुसज्जित कर आचार्य श्री की पूजन की। इस मौक़े पर मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा जिन सेन स्वामी 8 वर्ष की आयु में दिगम्बर वेश धारण कर घर से निकल गये, लेकिन अब वह माँ कहाँ होती हैं, जो बच्चों में सहनशीलता का भाव जगायें कि वह मुनि अवस्था को धारण कर आत्म कल्याण करे, आज की माता तो अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सी ए, ऑफीसर बनाना चाहती हैं। मुनि श्री ने संत की उपमा उस मिट्टी के घड़े या कलश से की जिसने कुल को छोड़ा, गधे पर सवार हुआ, कूट-पीट कर सीधा किया गया, उसके बाद चाक पर घुमाया, सिर को काटा गया, धूप और शीत को सहा, अग्नि में झोंक दिया गया तब रूप विकसित हुआ और फिर धनी और ग्राहक ने खूब ठोका तब कहीं हम सुन्दर रूपवती नारी के सिर की शोभा बना है। मुनि श्री ने कहा कुछ भी हो जब तक उपयोग का है संभाल के रखो उसके बाद त्याग करो दान में दे दो। जीवन में सामूहिक धर्म ध्यान का महत्व विशेष है, मन वचन काया नहीं तो अनुमोदना से निश्चित ही पुण्य का संचय हो जायेगा। दोपहर में दिगम्बर जैन मंदिर समिति एवं पंचकल्याणक समिति ने कार्यक्रम स्थल मर्दन सिंह ग्राउंड पहुंचकर 20 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया एवं बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति तैयार की। सायं काल की बेला में गुरु भक्ति एवं मंगल आरती की गयी। जिसमें वीर सेवा दल, अहिंसा सेवा संगठन, जैन युवा सेवा संघ, जैन मिलन, पं. विजय कृष्ण, चौधरी धर्मचंद्र, जयकुमार, ऋषभ जैन, सुरेंद्र पवैया, मोदी कमल कुमार, मिठ्या संत प्रसाद, सनत कुमार, सुकमाल, मुलायम चंद्र, अशोक कुमार, सुमत प्रकाश, गजेंद्र जैन, राजीव कुमार, सुनील जैन, प्रकाश चंद्र, विनोद जैन, नरेश कुमार, डॉ. महेंद्र जैन, निर्मल बुखारिया, अनिल कुमार, यशपाल जैन, आदेश मोदी, विशाल पवा, सौरभ मोदी, आकाश चौधरी, सौरभ पवैया, अमित कुमार, अभिषेक कुमार, आशीष जैन, अंकित, पीयूष, मयूर, आयुष, मुकुल, वैभव, हर्ष जैन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन चौधरी चक्रेश जैन एवं आभार व्यक्त मोदी अरुण जैन बसार एवं अजय जैन अज्जू ने संयुक्त रूप से किया। -**विशाल जैन**

कमला नेहरु कॉलेज में वर्षिकोत्सव में हुए शामिल केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन

रायपुर (विश्व परिवार)। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज कोरबा स्थित कमला नेहरू महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी मेरी उम्र 60 वर्ष है पर जब कमला नेहरु महाविद्यालय खुला था, तब मैं आठ साल का था। हम चारपारा में रहते थे और नदी पर पुल भी नहीं बना था। गर्मी का मौसम आने पर उस पार के लोगों के लिए कोरबा शहर आने-जाने रपटा बनता था। तब के दौर में ऐतिहासिक रानी महल और जिले के पहले कॉलेज को सिर्फ देखने की ललक में हम लोग नाव से नदी पारकर आते थे। भले ही संख्या कम हो गई, हो पर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी बच्चों की उच्च शिक्षा की राह प्रशस्त करने में कमला नेहरु कॉलेज दशकों से महत्वपूर्ण योगदान अर्पित कर रहा है। समाज को उच्च शिक्षित युवाओं की भेंट दे रही इस संस्था को बेहतर पायेदान पर ले जाने में उचित योगदान अर्पित कर सकूं, इस दिशा में शत-प्रतिशत प्रयास करुंगा। इस आशय के उद्गार आज सोमवार को आयोजित कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहीं।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक सभागार में हुआ आयोजित

जबलपुर (विश्व परिवार)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें योगेश सीमा जैन को अध्यक्ष पद, सचिन कीर्ति जैन को सचिव पद और प्रदीप सीमा जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ, शपथ विधि अधिकारी श्री आलोक जैन झांसी, उपाध्यक्ष फेडरेशन द्वारा, दिलवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीके विद्यार्थी उप पुलिस महानिदेशक जबलपुर कार्यक्रम अध्यक्ष रविंद्र जैन भोपाल, कार्याध्यक्ष फेडरेशन, विशिष्ट अतिथि पदम सेठी भोपाल, संयुक्त महासचिव फेडरेशन, कैलाश जैन अध्यक्ष, दिगंबर जैन पंचायत सभा जबलपुर एवं श्री प्रदीप जैन अध्यक्ष, महाकौशल विंध्य रीजन थे।

मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात मंगलाचरण श्रीमती सीमा योगेश जैन, श्रीमती कीर्ति सचिन जैन, श्रीमती महिमा सुबोध जैन एवं श्रीमती निशि राहुल जैन द्वारा किया गया। स्वागत नृत्य कुमारी अमर्शी जैन सुपुत्री मिलिंद मौली जैन द्वारा किया गया।

संस्थापक अध्यक्ष आजाद सीमा जैन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। विगत वर्ष में हुई गतिविधियों का ब्यौरा जबलपुर मेन ग्रुप के सचिव नितिन राशी जैन द्वारा दिया गया एवं कोषाध्यक्ष देवेश प्रिया सोधिया द्वारा सम्पूर्ण वर्ष का आय- व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों कैलाश चंद जैन श्री पदम सेठी, श्री प्रदीप ममता जी के पश्चात मुख्य अतिथि टी के विद्यार्थी, विधायक अभिलाष पांडे, कार्यक्रम अध्यक्ष रविंद्र जैन पत्रकार, भोपाल का उद्बोधन हुआ।

अध्यक्ष विकास शिखा द्वारा अपने उद्बोधन में विगत वर्ष में सभी कार्यकारणी सदस्यों व् ग्रुप दम्पति सदस्यों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

जबलपुर मेन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष आजद सीमा जैन द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष विगत वर्ष में किए कार्यों की सराहना करते हुए सफल कार्यकाल हेतु बधाई दी, व् स्मृतिचिन्ह द्वारा सम्मानित किया।

इसके बाद शपथ विधि अधिकारी श्री आलोक जी विश्व परिवार, झांसी द्वारा नवीन कार्यकारणी सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के अंत में नवीन सचिव श्री सचिन कीर्ति द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

मोदी जी की गारंटी पूरी करने हर दिन कर रहे काम

पमशाला कंवर धाम में आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलन और संक्रांति मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

इब नदी पर एनीकट निर्माण, पमशाला में कंवर समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा

रायपुर (विश्व परिवार)। हमारी सरकार बने हुए एक महीने हुए हैं और हम हर दिन मोदी जी की गारंटी पूरा करने संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। हमने 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए आवास की स्वीकृति पहले ही कैबिनेट में दी। अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पमशाला कंवर धाम में आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलन और संक्रांति मेला में कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इब नदी पर एनीकट निर्माण की घोषणा की। साथ ही पमशाला में कंवर समाज के सामाजिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रूपए की राशि की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सामाजिकजनों को संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि कल ही भगवान सूर्य का पर्व मकर संक्रांति मनाया गया। पूरे देश में यह पर्व अलग नाम और विधियों से मनाया जाता है। कंवर धाम में प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहा है। हर वर्ष तीन दिनों तक यहां उपस्थिति देता रहा हूं। इस बार पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है तो समापन पर ही आ सका हूं। लेकिन विश्वास है पिछले तीन दिनों में यहां बहुत से सामाजिक विमर्श हुए हैं। यहां सामूहिक विवाह भी हुआ है। सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महती भूमिका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर आप सभी ने भरोसा किया है। जो विश्वास पूरे प्रदेश के लोगों ने हम पर किया, उस पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का पद एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। आप लोगों का साथ और सहयोग मिलेगा और इससे यह जिम्मेदारी बखूबी निभाऊँगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीएससी 2021 में भ्रष्टाचार की जांच हमने सीबीआई को सौंपी है। किसानों के लिए की गई घोषणा पर अमल करते हुए 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की जा रही है उन्हें साल में 12 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित करते हुए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

इस मौके पर विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, अखिल भारतीय कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भरत साय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, पूर्व सांसद श्री नंद कुमार साय, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी श्री एमएस पैंकरा एवं आरपी साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

दर्शनोदय थूवोनजी जैसा कार्यलय देशभर में नहीं देखा : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

नवीन कार्यलय का उद्घाटन राजू मेडिकल परिवार ने किया

शीतकाल थूवोनजी में करने हेतु कमेटी ने श्री फल भेंट किए

अशोक नगर (विश्व परिवार)। मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के निर्देशन में नवीन विशाल कार्यलय का निर्माण लम्बे समय से चल रहा था जिसका उद्घाटन आज परम पूज्य मुनि श्री पद्मसागरजी महाराज के सान्निध्य में विनोद कुमार वैभव कुमार राजूमेडिकल परिवार ने पूरे विधि-विधान के साथ किया इस दौरान कमेटी द्वारा मुनि श्री को शीतकालीन वाचना हेतु श्री फल भेंट किए।

समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा और उन्ही के कुशलमार्गदर्शन में अजमेर के मितुल सौपपुरा अहमदाबाद की देख रेखा है इस विशाल कार्यलय का उद्घाटन श्रावक श्रेष्ठी विनोद कुमार वैभव कुमार राजूमेडिकल परिवार द्वारा किया जा है इसके वाद अहमदाबाद से पधारे जय शास्त्री के मंत्रोच्चार के वीच श्री विनोद कुमार सुभाष कुमार वैभव कुमार राजूमेडिकल परिवार ने नवीन कार्यलय का उद्घाटन फीता खोलकर किया इसके बाद विभिन्न मंत्रों का उच्चारण कर लघु पूजा कर विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल उपाध्यक्ष राकेशअमरोद धर्मेन्द्र रोकड़िया गिरिश जैन महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी कोषाध्यक्ष सौरववाझल प्रचार मंत्री विजयधुर्रा आडिटर राजीव चन्देरी मिडिया प्रभारी अरविंद कचंनार ने सभी का माला शाल श्रीफल से सम्मान किया।

देशभर में हम पैदल विहार करते हैं ऐसा आफिस नहीं देखा : इस दौरान परम पूज्य मुनिश्री पद्मसागरजी महाराज ने कहा कि वर्षो से हम पैदल विहार रहे हैं बहुत सारे क्षेत्रों के दर्शन किए बहुत अच्छी धर्मशाला भी देखीं लेकिन ऐसा व्यवस्थित विशाल कार्यलय नहीं देखा ये कल्पना भी मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की है वे बहुत आगे का सोचकर है तव ही तो तीर्थ क्षेत्र पर कहा कौन सी आवश्यकता है वैसी योजना वनकार कार्य करने की प्रेरणा देता है हम कल भी कह रहे थे कि जव भी महाराज श्रीसुधासागरजी महाराज आयेंगे इस क्षेत्र को पंख लगेंगे अभी आगरा में जिस तरह से लोकोदय तीर्थ का शिलान्यास हुआ उसने तो सारे रिकॉर्ड तोड दिए।

कार्पोरेट आफिस की तरह वनाया गया है आफिस : इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू ने कहा कि महाराज के निर्देशन अनुसार कमेटी ने काम किया है कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र कमेटी से हुकम काकाजी आयेंथे तो वह भी इस आफिस को देखकर भी मल्टी शिटि को याद कर कह रहे थे ये तो कोई कारपोरेट हाऊस की तरह का आफिस लगता है इस दौरान कमेटी के निर्माण मंत्री विनोद मोदी ने कहा कि मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी के अल्प प्रवास ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी को इतना कुछ दिया कि कमेटी अभी भी उन्हीं कार्यो को पूरा करने में लगे हैं नवीन कार्यलय में कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल के नेतृत्व में मंगल कलश की भी स्थापना की गई। -**विजय धुर्रा**

चेंबर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के सातवें नॉकआउट राउंड में रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई

फाड़ा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया गेस्ट ऑफ़ ऑनर रहे

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री श्री अजय भसीन जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने पहले मैच एवं प्री क्वार्टर फाइनल में में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। खेल में फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन फाड़ा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया गेस्ट ऑफ ऑनर रहे साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री श्री अजय सिंह जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नॉकआउट राउंड के पहले मैच में रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ को 19 रनों से मात दी।रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन के आयुष ठाकुर प्लेयर ऑफ़ द मैच रहे वही रायपुर चाय व्यापारी संघ से हिमालय चंकी बेस्ट बेटर तथा नमन गर्ग बेस्ट बॉलर रहे।

नॉकआउट राउंड के दूसरा मैच रायपुर डोर एसोसिएशन बनाम रायपुर एसोसिएशन ऑफ एल्यूमिनियम मर्चेंट खेला गया जहां रितेश मेंघानी की शानदार पारी की बदौलत एल्यूमिनियम मर्चेंट के ने डोर एसोसिएशन को 7 विकेट से मात दी।रितेश मेंघानी को प्लेयर ऑफ़ द मैच एवं बेस्ट बेटर का खिताब मिला। रायपुर डोर संगठन के राहुल कृष्णानी बेस्ट बॉलर बने। प्री क्वार्टर फाइनल में रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने 131 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रायपुर एसोसिएशन आफ अल्युमिनियम मर्चेंट अचीव नहीं कर पाई और 10 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरह रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने क्वार्टर फाइनल्स में अपनी जगह बनाई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री अजय भसीन, रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष अजन्त अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ अध्यक्ष दिलीप केव्लानी, रायपुर डोर एसोसिएशन अध्यक्ष कांति पटेल एवं एसोसिएशन ऑफ एल्यूमिनियम मर्चेंट अध्यक्ष दीपक मटलानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ चेंबर उपाध्यक्ष नरेंद्र हरचंदानी, मंत्री अमित अग्रवाल एवं चेंबर संगठन मंत्री महेंद्र बगरोडिया प्लेयर ऑफ़ द मैच के स्पॉन्सर रहे।

एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों तक पहुंच रही है विकास की रोशनी : केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन कार्यक्रम को किया वर्चुअल संबोधित

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन योजना) के दो माह पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय (पीवीटीजी) वर्ग के 01 लाख लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त के लिए राशि का डिजिटल हस्तांतरण किया। इसी तरह सड़क निर्माण विद्युतीकरण परियोजना को स्वीकृति, नल से स्वच्छ जल परियोजना, वन धन विकास केंद्रों की स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम जनमन कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में चारों तरफ उत्सव का माहौल है। उत्तरायण, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू त्योहारों की उमंग चारों तरफ छाई हुई हैं। इस उत्साह को आज के आयोजन ने और शानदार बना दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर पीएम जनमन योजना से एक लाख अति पिछड़े जनजातीय वर्ग के घरों में दिवाली मन रही है, उन्होंने योजना से लाभान्वित हुए लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस साल की दीवाली आप अपने नए पक्के घरों में मनाएंगे।

कोरबा जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में आयोजित पीएम जनमन का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज श्री गिरिराज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, कटघोरा वनमण्डलाधिकारी, निगमायुक्त, नोडल अधिकारी/डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर पीएम जनमन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियो से योजनाओं से मिल रहे लाभ के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश भर के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं से मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुचाने के लिए पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग तक विकास की रोशनी पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर 2023 जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसमुंडा की जयंती के अवसर पर झारखण्ड के खूंटी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आदिवासी न्याय महाभियान की शुरुआत की थी। पिछले दो माह में योजना से पीवीटीजी बसाहटों में आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसे अनेक मूलभूत सुविधाएं देने का काम सफलता के साथ कर रहे हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

संक्षिप्त समाचार

अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन सख्त

गरियाबंद(विश्व परिवार)।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है।अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा सक्रिय होकर लगातार जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में जहां ओडिशा प्रांत से धान आवक होने की संभावना होती है वहां अवैध कोचियों, बिचौलियों एवं व्यपारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि कल देर रात अन्तरराज्यीय चेकपोस्ट बधियामाल में ओडिशा से जिले में धान खपाने के लिए ला रहे वाहन क्रमांक सीजी 04 एमके 6750 से 60 बोरी धान जप्त किया गया। इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी जेडी 2168 से 60 बोरी धान राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा जप्त कर कार्यवाही की गई। इसी तरह 11 जनवरी को सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू एवं रविशंकर कोमरा की टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 4 जेडी 0957 से 60 बोरी धान जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इसके अलावा निर्मला केतकी पिता बालेश्वर केतकी निवासी कुम्हड़ीखुर्द देवभोग द्वारा खुटगांव चेकपोस्ट के बायपास पगडंडी के रास्ते से ओडिशा से लाते हुए तुआसमाल चौंक पास पकड़ लिया गया जिसे देवभोग थाना में सुपुर्द किया गया है। उक्त वाहन चालक के विरूद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राम दरबार में भगवान राम की पूजा-अर्चना की

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज जीई रोड स्थित राम दरबार में भगवान राम की पूजा-अर्चना की और प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने जनसामान्य से आग्रह किया है कि 22 जनवरी के दिन अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के आयोजन के पहले शहर के सभी मंदिर प्रांगण एवं आस-पास साफ-सफाई अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वस्फूर्त होकर नागरिक साफ-सफाई अभियान में भाग ले तथा मंदिर परिसर एवं परिवेश को स्वच्छ बनाएं और मंदिरों में 22 जनवरी को दीप जलाएं। जनसामान्य में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए उत्साह का माहौल है। जिलेवासी रामोत्सव में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोयला कामगारों को बजट का इंतजार

कोरबा(विश्व परिवार)। एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला के कामगारों को इस महीने एक सण्डे ड्यूटी ही मिला है। बजट नहीं होने से आने वाले दिनों में सण्डे ड्यूटी की देने की संभावना भी कम बताई जा रही है। यही हाल केंद्रीय कर्मशाला गेवरा का है। यहां पर भी एक सण्डे ड्यूटी दिया गया है। दोनों स्थानों पर प्रबंधन ने बजट के लिए प्रस्ताव भेजा है। यहां के श्रमिक संगठन बजट के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। इंटक के विकास शुक्ला ने बताया कि सण्डे ड्यूटी के लिए सभी संगठनों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा में भी प्रबंधन और जेसीसी की बैठक हुई थी। जिसमें प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही गई थी, इस प्रस्ताव के जाने के बाद अब कोयला कामगार बजट का इंतजार कर रहे है।

मुक्केबाजी संघ के नूतन सिंह ठाकुर बने उपाध्यक्ष

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ प्रदेश मुक्केबाजी संघ का वर्ष 2024-28 के लिए चुनाव भिलाई में शनिवार को संपन्न हुआ। बाक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल बोईदर और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के बशीर अहमद खान बतौर परिवेक्षक चुनाव में मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 22 प्रतिनिधियों ने मतदान कर नई कार्यकारिणी का चयन किया। कोरबा जिला बाक्सिंग संघ के सचिव नूतनसिंह ठाकुर (अधिवक्ता) को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं अध्यक्ष पद पर दुर्ग के आर राजेन्द्रन, राजनांदगांव के चूड़ामणि ठाकुर महासचिव, भिलाई के सुरेश कुमार कोषाध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी रहे। नूतनसिंह ठाकुर के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला बाक्सिंग संघ कोरबा के संरक्षक गोपाल मोदी, अध्यक्ष शशि सिंह, उपाध्यक्ष सुफ्लदास पार्षद, रवि सिंह चंदेल पार्षद, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, सुरेन्द सिंह, अजित शर्मा, दउवा यादव, ईश्वर दास, ने बधाइयां दी।

संग्रहण केन्द्रों से धान उठाव में धीमी गति की समीक्षा करने कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

मिलर्सवार समीक्षा करते हुए शीघ्रता से उठाव करने के लिए कहा

कांकेर(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के उपार्जन केन्द्रों से राइस मिलर्स के द्वारा धान का उठाव धीमी गति से किए जाने और केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित न हो, इसे दृष्टिगत करते हुए मिलर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राइस मिलर्सवार समीक्षा करते हुए धान के उठाव में तेजी लाने और जल्द से जल्द चावल जमा कराने के लिए कहा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सिलसिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि धान का उठाव समय पर नहीं हो पाने की वजह से कतिपय संग्रहण केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं निर्धारित मात्रा में चावल भी जमा नहीं हो पा रहा है। अगर उठाव की गति आनुपातिक तौर पर ऐसी ही रही, तो आगामी दिनों में और संग्रहण केन्द्रों में भी जाम की स्थिति निर्मित हो जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राइस मिलर्स से इसमें तेजी लाने के लिए कहा, जिससे शासन के साथ-साथ मिलर्स को भी सुविधा होगी। इस दौरान कलेक्टर ने अवरोध दूर करते हुए हरहाल में धान उठाव और चावल जमा करने का अनुपात संतुलित करने के लिए कहा।

बैठक में मिलर्स ने अपनी विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शासन स्तर पर पत्राचार कर इसकी जानकारी देने व अवरोधों को दूर करने हेतु आवश्यक पहल करने की बात कही। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के समितियों में अब तक कुल 3 लाख 79 हजार 214 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है, जिनमें 03 लाख 4 हजार 63 मीट्रिक टन का डी.ओ. जारी हुआ है और 01 लाख 98 हजार 896 मीट्रिक टन का उठाव हो चुका है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 80 हजार 318 मीट्रिक टन धान शेष है। इस प्रकार जिले में खरीदे गए धान का उठाव प्रतिशत 52.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 01 हजार 108 पंजीकृत किसान हैं और लगभग 01 लाख 41 हजार 333 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत है, जिसमें से 52 प्रतिशत रकबे का धान अब तक बेचा जा चुका है। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित थे।

समितियों में आवक धान का दो दिन के भीतर करें भौतिक सत्यापन - कलेक्टर

धान के अवैध खरीदी, बिक्री, भण्डारण एवं परिवहन पर करें कड़ी कार्यवाही

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्रों में आवक धान का दो दिन के भीतर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों से अवैध की आवक एवं उनकी खरीदी बिक्री रोकने के लिए इनमें संलिप्तता पाये जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने आज वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य विभाग, सहकारी संस्थाएं एवं विपणन विभाग सहित सभी एसडीएम - तहसीलदारों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये। साथ ही धान खरीदी में कोई कोताही नहीं बरतने को कहा। कलेक्टर ने धान बेचने वाले किसानों को खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने अवैध धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में न हो इसके लिए सभी केन्द्रों में धान के आवक, उठाव एवं सम्भावित खरीदी के रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये। साथ ही जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दो-दो खरीदी केन्द्रों का अनिवार्यता भौतिक सत्यापन दो दिन के भीतर करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अवैध की खरीदी रोकने, धान बेच चुके किसानों से रकबा समर्पण करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने गिरदावरी में रकबा गड़बड़ी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी - कर्मचारी पर भी त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, खाद्य विभाग, सहकारी संस्थाएं एवं विपणन विभाग सहित एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में धान खरीदी, धान मीलिंग, खरीदी केन्द्रों में बारदानों की उपलब्धता एवं केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों धान की स्टैकिंग, ड्रेनेज सिस्टम आदि व्यवस्था पर असंतुष्टि जताते हुए अधिकारियों पर नराजगी जताई। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों की मूल व्यवस्था में दो दिवस के भीतर सुधार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर अग्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डुका का किया औचक निरीक्षण

अस्पताल की साफसफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

चिकित्सकीय स्टाफसमय पर अस्पताल पहुंचे - कलेक्टर अग्रवाल

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिले के छुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पांडुका के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, चिकित्सक कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, पैथोलॉजी लैब, पुरुष एवं महिला वार्ड तथा प्रसूति कक्ष, एएनसी क्लीनिक को देखा। जिसमें दवा के रख-रखाव के बारे में जानकारी लेते हुए दवा के स्टॉक सहित अन्य सामग्रियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था मिलने पर कड़ी नराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अस्पताल के व्यवस्थाओं में खामियां है उसे शीघ्र सुधारे और अस्पताल में नियमित रूप से साफ- सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ के कर्मचारियों को समय पर अस्पताल पहुंचने को कहा ताकि मरीजों को समय पर चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं का संस्थागत प्रसव कराने के साथ इसका समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं चिकित्सकीय स्टाफ मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करें। कायाकल्प योजना के तहत अस्पताल में जो भी खामियां है उसे सुधार करें। उन्होंने जिले के सभी बीपीएम अपने ब्लॉक के सभी अस्पतालों का सतत् रूप से निरीक्षण करते रहे। जहां व्यवस्थाओं में कमी पायी जाती है उसे ठीक करने को कहा। इस अवसर पर डीपीएम सोनल ध्रुव उपस्थित थे।

मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही में 57 लाख का धान जब्त

सूरजपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य, मंडी और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अनाज के थोक व्यापारियों एवं ट्रेडर्स के यहाँ छापामार कार्यवाही करते हुए मंडी अधिनियम के तहत 2591 क्विंटल धान की जप्ति की कार्यवाही की गयी है। जिसकी क़ीमत 56 लाख 56 हज़ार रूपये है। प्रशासन की इस कार्यवाही से धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वाले कोंचीयो व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन और अफरा-तफरी करने वाले कोंचीयो व बिचौलियों पर सख्ती करने के साथ ही जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में भी लगातार कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कार्रवाई में खाद्य अधिकारी विजय किरण, सहायक खाद्य अधिकारी संदीप भगत, खाद्य निरीक्षक नीतीश कुमार, उप पंजीयक जी एस शर्मा, सहकारिता निरीक्षक अभिषेक सोनी मंडी सचिव रामधनी भगत, दीपक कुमार आदि शामिल थे। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह कार्यवाही 31 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई सक्षम फूड इंडस्ट्री महामाया राइस, इंडस्ट्रीज मित्तल राइस प्रोडक्ट, अमन फ्लोर गोयल इंडस्ट्रीज राइस मिल एवं सौम्या ट्रेडर्स राम अनुग्रह उपाध्याय थोक अनाज विक्रेता के यहां की गई है ।

जल्द पूर्ण कराएं प्रधानमंत्री आवास का कार्य : जिला सीईओ

राज्य शासन 15 मार्च तक जिले के सभी 10209 लंबित आवासों को पूर्ण करने का है लक्ष्य

सूरजपुर(विश्व परिवार)। केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों में तेजी लाने हेतु निरंतर समीक्षाएं हो रही है। विगत 20 दिवस में जिले में 480 आवास पूर्ण हुए है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु लीना कोसम के मार्गदर्शन में प्रतिदिन आवास निर्माण के प्रगति की समीक्षा हो रही है। इसी तारतम्य में 12 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु लीना कोसम की अध्यक्षता में जिले के सभी 06 जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों का दो पालियों में योजना का विस्तृत समीक्षा किया गया। जिले में वित्तीय वर्ष 2016-23 तक 37568 आवास स्वीकृति है, जिसमे 27359 आवास पूर्ण हो चुके है तथा 10209 आवास अभी भी पूर्णता हेतु लंबित है। इनमे से 3516 हितग्राहियों ने प्रथम किस्त की राशि लेने के पश्चात प्लिंथ तक का कार्य नहीं किए है, 3173 हितग्राहियों ने दो किस्त की राशि लेने के पश्चात छत स्तर तक का काम नहीं करा रहे है और 2984 आवास के हितग्राहियों ने तृतीय किस्त तक की राशि लेने के पश्चात आवास पूर्ण नहीं करा रहे है। साथ ही शेष 536 हितग्राहियों को राशि हस्तांतरित किए जाने के लिए एफटीओ तैयार किया गया है। पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के परिपालन में पूरे लक्ष्य को चार तिथियों में विभक्त करते हुए पूर्ण करने का निर्देशित था। जिसमें 26 जनवरी, 15 फरवरी, 28 फरवरी तथा 15 मार्च शामिल है। इसमें प्रारंभिक तिथि 26 जनवरी के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की समीक्षा की गई। इसमें कई ग्राम पंचायतों ने अभी तक एक भी आवास पूर्ण नही किए है। सु कोसम द्वारा उन्हें फटकार लगाई गई तथा लक्ष्य पूर्ण ना होने पर आप स्वयं कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होंगे क्योंकि यह लक्ष्य आपने स्वयं तय किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा एसडीओ आरईएस इसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग करते हुए, 20 जनवरी को सभी आवासों को 15 मार्च तक पूर्ण कर लेने संबंधी प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। पूरी टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि आवास निर्माण में सभी का सहयोग आवश्यक है। किसी हितग्राही द्वारा कार्य कर लेने के तुरंत पश्चात उसका जियोटैग और अगली किस्त की राशि अविलंब प्रदाय करना सुनिश्चित करेंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा डूमरपाली में शामिल हुए जिला संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा

महासमुंद(विश्व परिवार)। केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है। इसी के तहत आज ग्राम डुमरपाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की रथ पहुंची। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने कहा।

साथ ही वंचित पात्र लोगों को भी इस कार्यक्रम के जरिए योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार दिलाने संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत के हर तबके और कोने कोने तक वंचित गांव, उनमें रहने वाले परिवार और सदस्यों तक केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। उन्होंने सभी से अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पुष्पा पटेल, श्रीमती हेमलता, श्री निर्भय नायक, कमल कौशिक, परशु राम यादव, सागर साहू, धनकीतन पटेल, द्वारिका सेन, रैन सिंह ध्रुव, कृपाराम ठाकुर, कुलेश्वर पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक लेकर स्टाफ के साथ बोर्ड परीक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा

सूरजपुर(विश्व परिवार)। जिले के विकासखण्ड रामानुजनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू द्वारा सभी स्टाफ का बैठक लेकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का आवश्यक टिप्स एवं तेजस्वी सूरजपुर के अनुसार काम करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा यदि विद्यार्थियों को आवश्यक हो तो एक्स्ट्रा क्लास लिया जाएगा। साहू ने 10 वी एवम 12 वी के छात्रो का मोटिवेशनल क्लास लेते हुए कहा कि सभी छात्र निरन्तर पढ़ाई करें अपनी क्षमता को पहचाने और लगातार अभ्यास करें, आत्मविश्वास के साथ कठोर परिश्रम करें, जिससे उत्कृष्ट परिणाम आएगा। उदाहरण देते हुए बाजू के ग्राम आमगांव में कुमारी आकांक्षा सिंह नेताम का उदाहरण दिया जो आप जैसे ही छात्रों में एक रही, अपने मेहनत के बल पर प्रथम प्रयास में सिविल जज का परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज बनी। विपरीत परिस्थिति इरादो को डिगा नहीं सकती। इस अवसर पर प्राचार्य सहित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर की सभी शिक्षक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

व्यापार समाचार

ग्लोबल आईटी फर्म वीम सॉफ्टवेयर ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। ग्लोबल डेटा मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर वीम सॉफ्टवेयर ने कथित तौर पर 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। वर्कफोर्स में कटौती तब हुई जब वीम ने पिछले साल छंटनी के सेपरेट राउंड में 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में, सीनियर कैंपेन अकाउंट मैनेजर ने कहा कि ऑर्गेनाइजेशनल रिस्ट्रक्चर के हिस्से के रूप में मेरे लगभग 300 सहयोगियों को हटा दिया गया था। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों की संख्या की पुष्टि किए बिना, छंटनी की बात स्वीकार की है। वीम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मैथ्यू बिशप ने बयान में कहा, हम कॉन्फिडेंशियल बिजनेस प्लान्स का खुलासा नहीं कर सकते, लेकिन हम यह शेयर कर सकते हैं कि हम कुछ क्षेत्रों में नियुक्तियां बढ़ा रहे हैं, कुछ भूमिकाओं को नई टीमों में स्थानांतरित कर रहे हैं और अन्य को रिटायर कर रहे हैं। बिशप ने कहा, आज हमारा फोकस बदलाव से प्रभावित उन वीम कर्मचारियों को बेस्ट सपोर्ट प्रदान करना और उन्हें करियर अपॉर्चुनिटी के लिए मदद करना है। वीम के 450,000 से ज्यादा कस्टमर्स हैं। इसे सॉफ्टवेयर इंवेस्टर्स इनसाइट पार्टनर्स द्वारा 2020 में 5 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित किया गया था। कंपनी कस्टमर्स को रैंसमवेयर और अन्य साइबर खतरों से भी बचाती है। 2022 में, भारतीय मूल के आनंद ईश्वरन को वीम के नए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया था। उसी साल, वीम ने कैश और स्टॉक डील में 150 मिलियन डॉलर में कुबेरनेट्स बैकअप और डिजास्टर रिकवरी के लिए मार्केट लीडर कास्टेन का अधिग्रहण किया। कंपनी ने एक बयान में कहा, बाजार हिस्सेदारी के मामले में 2023 वीम का अब तक का सबसे अच्छा साल था, अब वैश्विक बाजार में नंबर 1।

माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 11 में एक बदलाव का कर रहा परीक्षण

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि वह विंडोज 11 में एक बदलाव का परीक्षण कर रहा है, जो वाइडस्क्रीन डिवाइस पर विंडोज शुरू होने पर उसके एआई-संचालित कोपायलट फीचर को स्वचालित रूप से खोलने की अनुमति देगा। कंपनी विंडोज 11 के अपने सबसे हालिया डेव चैनल पूर्वावलोकन के हिस्से के रूप में अपडेट का परीक्षण कर रही है, ताकि परीक्षक पूर्ण रिलीज से पहले फीडबैक दे सकें। माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, जब डेव चैनल में कुछ विंडोज इनसाइडर्स के साथ वाइडस्क्रीन डिवाइस पर विंडोज शुरू होता है, तो हम कोपायलट को स्वचालित रूप से खोलने का प्रयास कर रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट यह निर्दिष्ट नहीं करता है कि वह किसे वाइडस्क्रीन डिवाइस मानता है, लेकिन इसकी विंडोज 11 सेटिंग में उल्लेख किया गया है कि यह जब आप व्यापक स्क्रीन का उपयोग कर रहे हैं कोपायलट लॉन्च करेगा, जो अल्ट्रावाइड डिस्प्ले को संदर्भित कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, हम इस अनुभव को उन उपकरणों पर आज़मा रहे हैं, जिनकी स्क्रीन का न्यूनतम विकर्ण आकार 27-इंच और पिक्सेल चौड़ाई 1920 पिक्सेल है और मल्टी-मॉनिटर परिदृश्यों में प्राथमिक डिस्प्ले स्क्रीन तक सीमित है। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज़ पीसी कीबोर्ड के लिए एक नई कोपायलट कुंजी पेश की है, जो हिट होने पर विंडोज़ अनुभव में कोपायलट लॉन्च करेगी, इससे आपके दैनिक जीवन में कोपायलट का उपयोग करना आसान हो जाएगा। कार्यकारी उपाध्यक्ष और उपभोक्ता मुख्य विपणन अधिकारी यूसुफ मेहदी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कोपायलट कुंजी पीसी कीबोर्ड के मुख्य भाग के रूप में विंडोज़ कुंजी से जुड़ती है और जब दबाया जाता है, तो नई कुंजी विंडोज़ अनुभव में कोपायलट को सक्रिय कर देगी, इससे कोपायलट को आपके दिन-प्रतिदिन के कार्यों में शामिल करना सहज हो जाएगा।

स्टाइलिश डिजाइन और वाइब्रेंट डिस्प्ले वाला स्मार्टफोन बेहद कम कीमत में उपलब्ध, फटाफट उठाएं लाभ

नई दिल्ली(एजेंसी)। ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड शाओमी भारत में पॉपुलर रेडमी नोट सीरीज के साथ वापस आ गया है और इस बार, नोट 13 सीरीज का लक्ष्य किफायती दाम पर शानदार स्मार्टफोन एक्सपीरियंस प्रदान करना है। सीरीज में तीन मॉडल शामिल हैं रेडमी नोट 13 5जी, रेडमी नोट 13 प्रो 5जी और रेडमी नोट 13 प्रो प्लस 5जी। कंपनी ने कहा, एक सप्ताह के लिए आर्कटिक व्हाइट कलर में नए लॉन्च किए गए रेडमी नोट 13 5जी के 8जीबी प्लस 256 जीबी वैरिएंट का उपयोग किया गया है। डिज़ाइन और डिस्प्ले देखें तो रेडमी नोट 13 स्लीक और मॉडर्न डिजाइन पेश करता है जो भीड़ भरे मिड-रेंज स्मार्टफोन मार्केट में सर्वोत्तम है। डिवाइस में गोल किनारों के साथ एक पतली प्रोफाइल है, जिससे इसे पकड़ना आरामदायक हो जाता है। रियर पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप है और सामने की तरफ डिवाइस में एक पंच-होल सेल्फी कैमरा है। स्मार्टफोन 6.67-इंच फुल एचडी प्लस एमोलेड डिस्प्ले से लैस है जो वाइब्रेंट और इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस देता है। कलर्स रिच और एक्यूरेट हैं और ब्राइटनेस लेवल आउटडोर सेटिंग में भी विजिबिलिटी सुनिश्चित करता है। हाई रिफ्रेश रेट वाले डिस्प्ले को शामिल करने से यूजर एक्सपीरियंस बेहतर हो जाता है, जिससे स्क्रॉलिंग और गेमिंग आसान हो जाती है। अल्ट्रा-थिन बेजेल्स इमर्सिव स्क्रीन-टू-बॉडी रेश्यो में योगदान करते हैं जो ओवरऑल व्यूइंग के आनंद को बढ़ाता है। स्मार्टफोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें 108 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा, 8 मेगापिक्सल अल्ट्रावाइड-एंगल सेंसर और 2 मेगापिक्सल मैक्रो शूटर है। रेडमी नोट 13 5जी पर कैमरा सेटअप इसकी प्राइस रेंज में शानदार फीचर है। कैमरे का परफॉर्मेंस जबरदस्त है, जो शार्प फोटो कैप्चर करता है। एआई एन्हांसमेंट बेहतर सीन रिकॉग्नाइजेशन और ऑप्टिमाइजेशन में योगदान देता है। पोर्ट्रेट शॉट्स के मामले में फोन का कैमरा भी लाजवाब है। यह बैकग्राउंड को प्रभावी ढंग से ब्लर करते हुए शार्पनेस बनाए रखता है, जिसके चलते बेहतरीन पोर्ट्रेट प्राप्त होती हैं। सेल्फी की बात करें तो फोन 16 मेगापिक्सल के फ्रंट कैमरे से लैस है। सेल्फी कैमरा दिन के उजाले में डिटेल्स के साथ खूबसूरत फोटो खींचता है, सेल्फी कैमरे के साथ भी एचडीआर अच्छा काम करता है। रेडमी नोट 13 मीडियाटेक डाइमेंशन 6080 प्रोसेसर से लैस है।

इंग्लैंड की टेस्ट खेलने की शैली मेरे खेल के अनुकूल है : गस एटकिंसन

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत के पांच मैचों के महत्वपूर्ण टेस्ट दौरे से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन का मानना है कि मौजूदा टीम जिस तरह से प्रारूप में खेलती है वह उनके खेल के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। एटकिंसन ने इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद से 12 मैच खेले हैं, लेकिन टेस्ट स्तर पर उन्हें कोई मौका नहीं मिला है। एटकिंसन ने पिछली गर्मियों में पांच काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 20.20 की औसत से 20 विकेट लिए थे, क्योंकि सरे ने लगातार खिताब जीते थे। उनकी वास्तविक गति का मतलब है कि इंग्लैंड ने उन्हें जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन और मार्क वुड के साथ 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होने वाले भारत दौरे पर शामिल किया है। यह सचमुच बहुत अच्छा रहा। अब मैं बेन स्टोक्स और बाज मैकुलम के नेतृत्व में खेलने के लिए उत्सुक हूं। टेस्ट टीम जिस तरह से खेल रही है वह मेरे खेल के अनुकूल है। आगे जो होने वाला है उसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। भारत और एशेज दो दौरे हैं जिन पर आप सबसे अधिक जाना चाहते हैं और अगले कुछ हफ्तों में जीतना अविश्वसनीय होगा। इंग्लैंड के प्री-टूर कैंप के लिए अबू धाबी जाने से पहले एटकिंसन ने डेली मेल से कहा, हो सकता है कि जब मैं नियमित क्रिकेट नहीं खेल रहा था तो यह आत्मविश्वास की बात थी लेकिन मुझे लगता है कि मेरी गति स्वाभाविक रूप से आती है। मैं निश्चित रूप से अपना सब कुछ दे रहा हूं और ऐसा महसूस कर रहा हूं कि मेरे रन अप के आखिरी कुछ चरणों से मुझे काफी गति मिल रही है। फिर मेरे पास एक चाबुकदार भुजा है। मुझे ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि मैं अब अपने शरीर पर बहुत अधिक बल लगा रहा हूं। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि कैसे उनके मौजूदा काउंटी क्लब सरे ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उनमें इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में खेलने की क्षमता है। 'सरे मेरे लिए बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने मुझमें वह देखा जो मैंने शुरू में नहीं देखा था। एलेक स्टीवर्ट का कहना है कि उन्हें याद है कि मेरे साइन करने से पहले उन्होंने पहली बार मुझे गेंदबाजी करते हुए देखा था और मुझे लगा था कि मेरे पास कुछ है और मैं विकेट से वास्तविक गति प्राप्त कर सकता हूं।' क्लब के लोग मुझसे कहते थे कि वे चाहते थे कि मैं आगे बढ़ूं, सभी प्रारूपों में खेलूं और इंग्लैंड द्वारा चुना जाऊं। मैं कहूंगा, 'हां, जाहिर तौर पर मैं ऐसा चाहता हूं, यह मेरा सपना है। शायद यह एक दिन होगा।' लेकिन यह सब अभी होना कुछ ऐसा नहीं है जिसकी मैंने 12 महीने पहले उम्मीद की होगी।' प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एटकिंसन ने 14 मैचों में 26.64 की औसत से 45 विकेट लिए हैं। एटकिंसन ने यह भी याद किया कि कैसे उनकी मां कैरोलिन, जिनकी 2020 में एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें उनके काउंटी क्लब सरे तक पहुंचना भी शामिल था।

सात्विक-चिराग की जोड़ी ने रचा इतिहास, पहली बार मलेशिया ओपन के फाइनल में बनाई जगह

कुआलालंपुर(एजेंसी)। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे पर उनकी जीत ने न केवल उनके लचीलेपन को प्रदर्शित किया, बल्कि ओपन युग में 1983 के बाद से मलेशिया ओपन के किसी भी वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय के रूप में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर भी चिह्नित किया। विश्व में दूसरे नंबर पर काबिज इस गतिशील जोड़ी ने पिछले वर्ष अपना असाधारण प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने छह खिताब जीते थे। कोर्ट पर उनका कौशल पूरे प्रदर्शन पर था क्योंकि दूसरे गेम में 11-18 से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने 21-18, 22-20 से शानदार जीत दर्ज की और जोरदार तरीके से फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कुआलालंपुर में बुकिट जलील एक्सियाटा एरेना इस ऐतिहासिक उपलब्धि का गवाह बना, जहां प्रशंसक उत्सुकता से लाइव अपडेट देख रहे थे और भारतीय दल का उत्साह बढ़ा रहे थे। मलेशिया ओपन 2024 के माध्यम से सात्विक-चिराग की यात्रा भारतीय बैडमिंटन के लिए गौरव का प्रतीक बन गई, जिसने वैश्विक बैडमिंटन मंच पर देश के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया।

अंतुम नकवी ने रचा इतिहास, किसी भी प्रतिनिधि क्रिकेट में 300 रन बनाने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने

हरारे(एजेंसी)। मिड वेस्ट राइनोज का नेतृत्व कर रहे 24 वर्षीय अंतुम नकवी ने प्रतिनिधि क्रिकेट के किसी भी स्तर पर तिहरा शतक लगाने वाला जिम्बाब्वे टीम का पहला खिलाड़ी बनकर जिम्बाब्वे क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। हरारे में राइनोस बनाम माटाबेलेलैंड टस्कर्स लोगान कप मैच के दौरान यह उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई। जैसे ही तीसरे दिन का खेल शुरू हुआ, पहले से ही 250 रन बनाकर खड़े नकवी ने टस्कर्स के 128 रन के जवाब में अपनी टीम को 3 विकेट पर 461 रन तक पहुंचा दिया। नकवी का निरंतर प्रदर्शन जारी रहा, दोपहर के भोजन से पहले 300 रन के मील के पत्थर तक पहुंच गए, साथ ही जिम्बाब्वे के कई रिकॉर्ड फिर से लिखे। 300 रन की अपनी यात्रा में नकवी ने 2017-18 सीज़न में सेफस जुवाओ के 265 को पीछे छोड़ते हुए, सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के लिए लोगान कप प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहीं नहीं रुके, उन्होंने रे ग्रिपर के 279 रन को पीछे छोड़ दिया, जो दक्षिण अफ्रीका में 1967-68 के करी कप के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिम्बाब्वे के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। अंतिम मील का पत्थर 1973-74 में ब्रायन डेविसन का 299 रन था, जो प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त करने से पहले लोगान कप का उच्चतम स्कोर था। ग्रीम हिक और मरे गुडविन ने भले ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तिहरे शतक लगाए हों, लेकिन नकवी की उपलब्धि एक अलग सम्मान रखती है क्योंकि यह इंग्लिश काउंटी सर्किट में नहीं बल्कि जिम्बाब्वे टीम के लिए सामने आई है। हालाँकि 2000-01 सीज़न में क्वेकवे में जिम्बाब्वे ए के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए मार्क रिचर्डसन का 306 रन जिम्बाब्वे की धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी स्कोर है।

अब फोन पर मिलेगी रेरा सुनवाई की तारीख, वेबसाइट पर जाकर शिकायत सेक्शन में भरनी होगी डिटेल

ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश रेरा ने बायर्स एवं बिल्डर की शिकायतों की फाइलिंग, स्क्रूटिनी, तिथियों के निर्धारण एवं कॉन्सिलिएशन फोरम को लेकर संशोधित एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी किया है। इसके जरिए शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और सरल बनाई गई है। उत्तर प्रदेश रेरा में बायर्स एवं बिल्डर्स की शिकायत दर्ज कराने के लिए ई-कोर्ट की व्यवस्था है। ये सेवा 15 जनवरी से रेरा की वेबसाइट पर होगी। रेरा की नई एसओपी के अनुसार, कोई भी आवंटी रेरा के वेब पोर्टल पर जाकर कंप्लेंट सेक्शन में अपनी प्रोफाइल बनाएगा। इसमें समस्त विवरण के साथ ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर देना होगा। इसी ईमेल एवं मोबाइल नंबर पर सुनवाई की तिथियों की जानकारी मिलेगी। यदि कोई आवंटी शिकायत दर्ज कराने के लिए किसी विशेषज्ञ की सहायता लेता है तो उसका मोबाइल एवं ईमेल भी देना होगा। शिकायतकर्ता के पास प्रीव्यू एवं एडिटिंग का विकल्प मिलेगा। इसका उपयोग फीस जमा करके शिकायत जमा करने से पूर्व ही कर सकेंगे। शिकायतकर्ता को इसके लिए एक हजार रुपए का शुल्क जमा करना होगा। रेरा ने हर शिकायतकर्ता का डैश बोर्ड बनाया गया है। जिस पर उपलब्ध विकल्प का चयन करके शिकायतकर्ता रेरा या एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के समक्ष या कॉन्सिलिएशन के लिए शिकायत फाइल कर सकता है। अगर आवंटी कॉन्सिलिएशन का विकल्प नहीं चुनता है तो शिकायत की फाइलिंग में उसे लम्बित या निर्णीत शिकायत व प्रमोटर के एनसीएलटी का कोई आदेश होने के संबंध में जानकारी देनी होगी। ऐसे व्यक्ति से मिली जानकारी के अनुसार ही शिकायत की फाइलिंग सहित अन्य विकल्प उपलब्ध होंगे। शिकायतकर्ता का शिकायत के साथ समस्त दस्तावेज और साक्ष्य, जैसे कि आवंटन-पत्र, विक्रय अनुबन्ध (बीबीए), भुगतान संबंधी रसीद की प्रतियां पीडीएफ में संलग्न करना अनिवार्य है। ऐसा इसलिए आवश्यक है कि शिकायत शीघ्र सूचीबद्ध हो सके और शीघ्र निपटारा हो सके।

क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगाने वालों को झटका, भारत में बायनेंस और दूसरे विदेशी क्रिप्टो ऐप ब्लॉक

नई दिल्ली(एजेंसी)। बिनेंस, कुकोइन, ओकेएक्स जैसे कुछ शीर्ष वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों की वेबसाइटें भारत में ब्लॉक कर दी गईं। यह सरकार द्वारा देश के मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों का पालन नहीं करने के लिए इन क्रिप्टो एक्सचेंजों को कारण बताओ नोटिस भेजे जाने के बाद हुआ है। पिछले साल 28 दिसंबर को भारत में अवैध रूप से संचालन के लिए बिनेंस, कुकोइन, हाउबी, क्रैकन, गेट.आईओ, बिट्रेक्स, बिटस्टैम्प, एमईएक्ससी ग्लोबल और बिटफिनेक्स को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, नोटिस इसलिए जारी किया गया, क्योंकि ये कंपनियां पंजीकरण और स्थानीय कर नियमों का पालन करने में विफल रहीं। परिणामस्वरूप, वित्त मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को उनके यूआरएल को ब्लॉक करने का निर्देश दिया। बिनेंस के ग्राहक सहायता ने भी एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हम एक आईपी ब्लॉक के बारे में जानते हैं, जो बिनेंस सहित कई क्रिप्टो फर्मों को प्रभावित कर रहा है। यह केवल उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है, जो भारत से भारतीय आईओएस ऐप स्टोर या बिनेंस वेबसाइट तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। मौजूदा उपयोगकर्ता जिनके पास पहले से ही बिनेंस ऐप है, वे प्रभावित नहीं होंगे। इसमें कहा गया है, हम स्थानीय नियमों और कानूनों के पालन के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम उपयोगकर्ता सुरक्षा और एक स्वस्थ वेब3 उद्योग के विकास को सुनिश्चित करने के लिए नियामकों के साथ सक्रिय संचार बनाए रखने के लिए समर्पित हैं।

ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने पेश किया अपना पहला एनएफओ ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड

नईदिल्ली (एजेंसी)। ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किए गए ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने इक्विटी के अपने पहले न्यू फंड ऑफर (एन.एफओ.) - 'ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड', (अधिकतम 30 शेयरों (मल्टी कैप) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम) को पेश करने के साथ ही भारत के उतार-चढ़ाव भरे म्यूचुअल फंड उद्योग में अपना कदम रखा है। निवेशकों को सोच-समझकर चुनी गई कंपनियों की विकास की संभावनाओं में भाग लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य है। यह एन.एफओ. 17 जनवरी, 2024 से 19 जनवरी, 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक कम से कम रु. 2,500 और उसके बाद रु. 1 के गुणकों में एसआईपी निवेश के साथ इसमें भाग ले सकते हैं। एकमुश्त निवेश करने के लिए, कम से कम राशि रु. 5,000 रखी गई है। इस स्कीम को एस.एंड पी. बी.एस.ई. 500 टी.आर.आई. के आधार पर मानदंड प्रदान किया जायेगा। बाज़ार में अलग-अलग कंपनियों के पूँजी लगाने के वर्गों (अर्थात मिड कैप, स्मॉल कैप, लार्ज कैप) के अधिक से अधिक 30 शेयरों में सोच-समझकर निवेश करने के द्वारा पूँजी की दीर्घकालिक वृद्धि प्राप्त करना इस फंड का मुख्य उद्देश्य है। इस मल्टी-कैप वाले तरीके को टिकी रहने वाले आर्थिक गिरावटों वाली उन कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जिनके पास लंबे समय का फ्रेंचाइज़ी मूल्य और निरंतर विकास करने क्षमता है, लंबी अवधि में पूँजी को कई गुना बढ़ाने की क्षमता वाले व्यवसायों को पहचानने के लिए तैयार किया गया है। इस फंड का प्रबंधन निवेश की अनुभवी व्यावसायिक कंपनियों, केनेथ एंड्रेड और श्री तरंग अग्रवाल द्वारा किया जायेगा, जो बाज़ार की उतार-चढाव वाली स्थितियों से लाभ प्राप्त करने के लिए अपने संयुक्त अनुभव और विशेषज्ञता से काम लेंगे। इसपर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक, केनेथ एंड्रेड ने कहा, हम पूँजी में दीर्घकालिक वृद्धि की इच्छा रखने वाले निवेशकों के लिए अपना पहला इक्विटी फंड प्रस्तुत करने को लेकर रोमांचित हैं। इस फंड की रणनीति निवेश के हमारे सिद्धांत के अनुरूप है जो अच्छे नेतृत्व और विकास की क्षमता से युक्त प्रारंभिक-चक्र वाले व्यवसायों पर पूरा ध्यान देती है। उन्होंने बताया, ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड की पेशकश भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग में अभूतपूर्व विकास की दिशा में है, जैसा कि उद्योग व्यापार निकाय ए.एम.एफआई. के हाल में प्रस्तुत किए गए आँकड़ों से पता चलता है। 2023 के शुरुआत के 11 महीनों के दौरान 20 मिलियन से अधिक नए निवेश के खातों और फंड की परिसंपत्तियों में 19त्न की वृद्धि के साथ, भारत अमेरिका, जापान और चीन जैसे विश्व के समकक्ष देशों से आगे निकल गया है। ए.एम.एफआई. द्वारा जारी किए गए आँकड़ों के अनुसार, पिछले दशक में, भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग ने छह गुना से अधिक की आश्चर्यजनक वृद्धि की है, जो 2013 में लगभग रु. 8 लाख करोड़ से बढ़कर 2023 के अंत तक प्रभावशाली रु. 50.8 लाख करोड़ हो गया है। यह उल्लेखनीय यात्रा इस उद्योग की तटस्थता और ढलने की क्षमता को बेहतर बनाती है, जो भारत की विकास कहानी की हल-चल भरी पृष्ठभूमि के आधार पर विकसित होने की क्षमता को दर्शाती है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

वन मंत्री केदार कश्यप ने अपने निवास कार्यालय का किया शुभारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज राजधानी के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री श्री कश्यप को फरेस्ट कालोनी में बंगला नं. सी 3 एवं सी 4 आवंटित हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड एवं प्रकृति की ओर द्वारा लगे पुष्प फल सब्जी प्रदर्शनी का समापन

रायपुर (विश्व परिवार)। 13 जनवरी से गांधी उद्यान में लगी पुष्प एवम फल सब्जी प्रदर्शनी का सोमवार को समापन शिक्षा मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल ने किया। सभी स्टॉल्स में जाकर सभी स्टॉल्स की जानकारी ली एवम आयोजन के लिए सभी आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी को बधाई दी साथ ही ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए इस तरह के आयोजन का होना अति आवश्यक बताया।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सम्मान राशि के साथ प्रमाण पत्र में दिए। उन्होंने बताया की लगातार 14 वर्षों से इस आयोजन शामिल होते आ रहे है और आगे भी इस आयोजन में शामिल होने की बात कही। इस दौरान जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के प्रेसिडेंट श्री प्रदीप टंडन ने एवम प्रकृति की ओर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहन वारल्यानी के साथ कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रदर्शिनी केआखरी दिन होने से देर रात तक लोग इस प्रदर्शनी का आनंद उठाते दिखे।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन सुभाष स्टेडियम में किया जा रहा हैं। आज के मैच के मुख्य अतिथि के रूप में एडवरटाइजिंग एजिंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ओंकार सिंह महासचिव अफसर खान, दिलीप इसरानी, सुजीत सिंह एवम चेंबर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 का आगाज

रायपुर (विश्व परिवार)। जनसामान्य, सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के संबंध में जागरूकता के लिये प्रदेश के सरगुजा से लेकर बीजापुर दंतेवाड़ा एवं कबीरधाम से लेकर रायपुर महासमुंद सहित समस्त जिलों में सड़क सुरक्षा माह 2024 का आगाज किया गया।

प्रदेश में आज माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के द्वारा कबीरधाम, राजधानी रायपुर में माननीय श्री मोतीलाल साहू, विधायक रायपुर ग्रामीण, दंतेवाड़ा में माननीय विधायक श्री चैतराम अटामी के मुख्य आतिथ्य एवं संबधित जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों एवं अन्य विशिष्ट जनों की गरिमामय उपस्थिति में 'हेलमेट/बाईक रैली' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

यूनिसेफ के सहयोग से माननीय श्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवा के सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश को सोशल मीडिया पर जनजागरूकता हेतु प्रसारित किया गया। इसी क्रम में श्री संजय शर्मा अध्यक्ष, अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) द्वारा जिलों को जारी दिशा निर्देश अनुरूप सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिलों में विभिन्न

कार्यक्रमों यथा सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण, आंखो की जांच, स्कूल दिवस, स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने स्लोगन, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, ई-रिक्शा, ऑटो, बस वाहन चालकों का प्रशिक्षण, गणतंत्र दिवस समारोह में सड़क सुरक्षा पर झॉकी एवं बैनर पोस्टर फ्लैक्स, एम्बुलेंस ड्रायविंग टेऊनिंग, वाहनों का फिटनेस, रेडियम स्ट्रीप्स आदि जांच/संधारण, शराब सेवन कर वाहन चालन से नुकसान पर रैली, ग्राम चौपाल में जन जागरूकता, गंभीर सड़क दुर्घटना स्थलों के चिन्हित सड़क सुरक्षा मितानों का प्रशिक्षण, युवाओं के लिये एरोबिक्स जुम्बा के माध्यम से स्वस्थ शरीर रखे स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखे सुरक्षित जन कार्यक्रम, हेलमेट धारी वाहन चालकों को प्रोत्साहन स्वरूप टाफी वितरण सहित स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही घायल व्यक्तियों के समयसीमा पर उपचार हेतु सड़क सुरक्षा मितान के रूप में स्वयंसेवी सेवाए देने के लिये प्रेरित करने संबंधी कार्यो के संपादन के लिये राज्यस्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रायविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च ग्राम तेन्दुआ नवा रायपुर में दिनांक 16-17 जनवरी 2024 को किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में समस्त जिलों से 04-04 प्रतिभागी भाग लेगें। सड़क सुरक्षा माह 2024 को सफल बनाने हेतु श्री दिनेश कुमार टांक सहायक संचालक एवं सदस्य शिक्षा, श्री विशाल वासवानी आपातकाल अधिकारी यूनिसेफ, श्री अमित गुप्ता, संयुक्त निदेशक आईडीटीआर के साथ ही एन.सी.सी., एन.एस.एस एवं भारत स्काउट गाइड के राज्य एवं जिला प्रभारियों द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

मानसिक दृढ़ता और संकल्प का भी परीक्षण करती है बॉडी बिल्डिंग : बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल ने बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को मेडल प्रदान किए

रायपुर (विश्व परिवार)। बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताएं हैं जो प्रतिभागियों से कड़ी मेहनत और समर्पण की मांग करती हैं। ये प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक प्रदर्शन का परीक्षण करती हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और संकल्प का भी परीक्षण करती हैं यह बात वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज बूढ़ेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित मिस्टर रायपुर 2024 एंड छत्तीसगढ़ स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के दौरान कही।

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेता बॉडी बिल्डर को मेडल और कैश प्राइज दिया।।अपने संबोधन में श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सरकार खेल और खिलाड़ियों को हमेशा से ही प्रोत्साहित करती रही है आने वाले समय में राज्य में खेल पुरस्कार और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी देने के प्रयास किए जाएंगे। श्री बृजमोहन अग्रवाल ऑल इण्डिया बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके है। इस चैंपियनशिप में राबिन सिंह को मिस्टर रायपुर, कामेश्वरी को मिस रायपुर और दिव्यांग वर्ग में ए शिवा राव को खिताब मिला। रायगढ़ की आभा कुजूर ने तीन खिताब अपने नाम किए। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक भिलाई के अरविंद सिंह अंतर्राष्ट्रीय जज बॉडी बिल्डिंग के महेंद्र टेका, प्रोटीन विला के दुर्गेश साहू, हेमंत परमाले, निर्मल भारती, शशि साहू, सागर दास, धर्मेंद्र दास रहे। कार्यक्रम का संचालन पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छग के महासचिव ऊदल वाल्मीकि ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने किया।

कलेक्टर जन चौपाल : रोजगार के लिए सहायता मांगने पहुंची दो महिलाओं को मिला रोजगार

रायपुर (विश्व परिवार)। सोमवार को जब जन चौपाल में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुलाकातियों से मिल रहे थे, इसी दौरान दो महिलाएं भी रोजगार सहायता के लिए मदद मांगने उनके पास पहुंची थी। कलेक्टर ने उनकी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा को निर्देशित कर महिला को रोजगार से जोड़ने कहा। दोनों महिलाओं को इसी जन चौपाल में ही जॉब ऑफर दिया गया, अब प्रशिक्षण उपरांत ये महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आर्थिक सहयोग कर सकेंगी।

जन चौपाल में अनिशा नामदेव अपने पांच महीने के शिशु के साथ नौकरी का आवेदन लेकर पहुंची और अपनी व्यथा से कलेक्टर डॉ. सिंह को अवगत कराया। इसी तरह स्नातकोत्तर की डिग्री लेकर रूपा वर्मा भी रोजगार की आस में कलेक्टर जन चौपाल पहुंची थी। उन्होंने भी बताया कि जरूरतमंद परिवार से है और परिवार के पालन-पोषण में हो रही परेशानियों को दूर करने वह रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत होने लंबे समय से संघर्ष कर रही है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिलाओं को यह भी अवगत कराया कि पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. विश्वकर्मा आदि जैसी कई योजनाएं केन्द्र व राज्य सरकार संचालित कर रही है, जिसका लाभ उठाकर युवा विशेषकर महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में भी अपने कदम आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने इन दोनों महिलाओं को बी.पी.ओ. कॉल सेंटर में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ने जन चौपाल में ही निर्देशित किया। अब ये महिलाएं सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आय अर्जित कर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी।

इंडियन ओवरसीज बैंक को वित्तीय रिपोर्टिंग 2022-23 में उत्कृष्टता के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया

रायपुर (विश्व परिवार)। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, इंडियन ओवरसीज बैंक को रायपुर, छत्तीसगढ़ में दिनांक 13.01.24 को आयोजित एक समारोह में वित्तीय रिपोर्टिंग 2022-23 में उत्कृष्टता के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया। आईओबी महाप्रबंधक महेश कुमार एसपी, जो बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी भी हैं, उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि और सिंचाई मंत्री, श्री बृजमोहन अग्रवाल से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

14 से श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा तक सभी मंदिरों एवं तीर्थस्थलों में स्वच्छता का लिया गया संकल्प

रायपुर (आरएनएस)। आज प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन कर दिन की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार आज मकर संक्रांति 14 जनवरी के दिन से श्री अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन तक अपने आसपास के सभी मंदिरों एवं तीर्थस्थलों पर स्वच्छता का संकल्प है इसी संकल्प को निभाते हुए आज सभिलाईकैन डू के अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता अतुल पर्वत ने अपने युवा साथियों के साथ भिलाई डी पी एस चौक भिलाई के मेन रोड स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर राम कुमार, राहुल दीक्षित, अवि गुप्ता , शुभम् भाई , विकी भाई, नवजोत सिंग आदि उपस्थित थे।

आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव, तत्काल मिला ज्वाइनिंग लेटर, मंगलवार को भी सुनहरा अवसर

रायपुर (विश्व परिवार)। सोमवार को आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ किया गया। पहले दिन 150 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया।

आंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा मौका है। सोमावार को शुभारंभ के अवसर पर प्रदेशभर के 150 प्रतिभागी शामिल हुए। जिन्हे तत्काल चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर श्री सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्लेसमेंट ड्राइव प्रदेश भर के युवाओं के लिए चलाया जा रहा है। जिसमें भारत की प्रसिद्ध कंपनियां तुरंत साक्षात्कार लेकर नियुक्ति पत्र प्रदान कर रही हैं।

प्लेसमेंट संयोजक डॉ. प्रांजली गनी ने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का प्रयास है। यह ड्राइव मंगलवार को भी जारी रहेगा।

कौन हो सकता है शामिल- बीटेक, एमबीए, बीबीए, बीएससी, बीकॉम, एमकॉम, फार्मेसी, स्नातक और परास्नातक के साथ साथ 12 वीं पास अभ्यर्थी इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो सकते हैं।

सुप्रसिद्ध कंपनियां हैं शामिल- टाटा मोटर्स, पेटीएम, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, हनीवेल, जब्रोनिक, टैलीब्रेन समेत 34 कंपनियां शामिल हैं।

इन पदों पर तत्काल नियुक्ति- सॉफ्टवेयर, ऑटोमोबाइल, मेकेनिकल, कंप्यूटर इंजीनियर, सेल्स मैनेजर, एचआर, मार्केटिंग, बैक ऑफिस स्टाफ, ट्रेनी इंजीनियर, फार्मेसिस्ट समेत कई पदों पर तत्काल चयन कर नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

प्लेसमेंट ड्राइव के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल, कुलपति डॉ. टी.रामाराव, डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन उपस्थित रहे।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शुरू किया हर दिन तिरंगा शपथ अभियान

बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने तिरंगा हाथ में लेकर हर दिन देशप्रेम प्रदर्शित करने की शपथ ली

रायपुर (विश्व परिवार)। जाने-माने उद्योगपति श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा रहे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शनिवार देर शाम नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर हर दिन तिरंगा शपथ अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर शपथ लेनी होगी, जिसके लिए खास प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 13 जनवरी 2024 को हर दिन तिरंगा शपथ अभियान शुरू किया है। फाउंडेशन के सेक्रेटरी जनरल, मेजर जनरल (अवकाशप्राप्त) अशीम कोहली ने बताया कि दोपहर बाद करीब 1 बजे यह कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कारगिल समेत अनेक युद्धों के अपने अनुभव लोगों के साथ साझा किये और देशवासियों का आह्वान किया कि वे रोज राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा लें। लगभग 7 घंटे चले इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज थाम कर प्रत्येक दिन तिरंगे के माध्यम से देशप्रेम प्रदर्शित करने की शपथ ली। इस अवसर पर तिरंगा से संबेधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें विजयी 80 लोगों को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तिरंगे के रंग में रंगे दर्जनों युवकों ने गीत, संगीत, रैपिंग, कविता आदि के माध्यम से देश के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त किया। जाने-माने कवि श्री रमेश शर्मा, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त श्री रॉबिन हिबू ने भी इस अवसर पर लोगों से रोज तिरंगा फहराने और तिरंगे के माध्यम से देशप्रेम का प्रदर्शन करने का अनुरोध किया।

रायपुर-दुर्ग सेक्शन में कुम्हारी और भिलाई के मध्य इंटरलोकिंग का कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में कुम्हारी और भिलाई के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य दिनांक 21 जनवरी 2024 को 09.00 बजे से दिनांक 22 जनवरी, 2024 को 06.00 बजे तक नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

रद्द होने वाली गाडियां- गाड़ी संख्या 08701 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रायपुर से दिनांक 21 एवं 22 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08702 दुर्ग रायपुर मेमो पैसेंजर स्पेशल दुर्ग से दिनांक 21 एवं 22 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08703 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 एवं 22 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08704 दुर्ग रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 एवं 22 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08707 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08708 दुर्ग रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08717 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08718 दुर्ग रायपुर पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08709 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़ रायपुर पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08725 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08726 दुर्ग रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08705 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल 21 जनवरी 2024 को रद्द रहेगी।

गंतव्य से पहले समाप्त / शुरू होने वाली गाड़ियां- दिनांक 21 जनवरी 2024 को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी बिलासपुर गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 21 जनवरी 2024 को गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के लिए रवाना की जाएगी यह गाड़ी गोंदिया बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़ बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल को दिनांक 21 जनवरी 2024 को डोंगरगढ़ के स्थान पर रायपुर से रवाना किया जाएगा यह गाड़ी डोंगरगढ़ रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।

मुख्यमंत्री ने बैगा परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु पर दु:ख प्रकट किया

रायपुर (विस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रिम ग्राम नागाडबरा में रविवार रात एक झोपड़ी में आग लगने से बैगा परिवार के तीन लोगों की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतक परिवार के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354